


# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 9 मार्च 2025

संवत 2081, फाल्गुन शुक्ल 10 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 184 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ स्कूली पढ़ाई के बाद बनाएं आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में करियर

निर्देशन में कदम रखने जा रहीं राधिका आप्टे ◂◂ 6


# ट्रक और बाइक की भीषण टक्कर में दो युवकों की मौत

- दोनों युवक बिहार के रहने वाले थे
- दुर्घटना के बाद ट्रक चालक हुआ फरार

**संवाददाता**

**पलामू:** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ एनएच 139 पर बाइक सवार दो युवकों को ट्रक ने रौंद डाला। जिससे दोनों युवकों की मौत घटनास्थल पर हो गयी। घटना देर रात 1.30 बजे की बतायी जाती है। धक्का मारने के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। डेड बॉडी सड़क पर रहने के कारण 15 मिनट तक सड़क जाम भी रहा। हालांकि ट्रक का नंबर प्लेट घटना स्थल पर ही गिरा पड़ा मिला। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस छानबीन कर रही है।

छतरपुर की ओर से आ रहे थे दोनों युवकः मृतकों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिला के मदनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवगंज के 26 वर्षीय रविकांत कुमार (पिता मुंशी प्रसाद) और गया जिले के खिजर सराय थाना क्षेत्र के चिरैली के 20 वर्षीय सुनील कुमार (पिता श्रवण साव) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार रविकांत और सुनील एक ही मोटर साइकिल (बीआर 26ए ए6422) से छतरपुर की ओर से आ रहे था। दोनों को हरिहरगंज स्थित मुकेश गुप्ता के किराये के मकान में जाना था, दोनों यहीं पर रहते हैं।



**विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से हो गयी जोरदार टक्करः** जैसे ही वे बाइक से अरुआ खुर्द कॉलेज मोड़ के पास पहुंचे उनकी टक्कर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक (यूपी 44 बीटी 0295) से टक्कर हो गयी। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। इसके तुरंत बाद युवकों की मौत हो गयी। हादसे की सूचना मिलने पर हरिहरगंज पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार, एसआई सतीश कुमार गुप्ता, रंजीत कुमार सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे और डेड बॉडी को घटनास्थल से उठाकर पोस्टमार्टम के लिए हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया।

**पुलिस ने बाइक को अपने कब्जे में लियाः** पुलिस ने बाइक को को अपने कब्जे में कर लिया है। दोनों युवक दो साल से हरिहरगंज में रह रहे थे और जिवकोपार्जन के लिए छोटा मोटा काम करते थे। घटना की सूचना मिलने पर रविकांत के पिता हरिहरगंज पहुंचे और धक्का मार कर भागने वाले ट्रक के नंबर प्लेट देकर एफआईआर दर्ज करायी है।

### सीरिया में 2 दिन में 1000 लोगों की मौत

## महिलाओं को नंगा कर घुमाया,बीच सड़क पर लोगों को मारी जा रही गोलियां

**दश्मिक :** सीरिया में हिंसक संघर्षों में 1000 से अधिक लोग मारे गए। सुरक्षा बलों और पूर्व राष्ट्रपति बशर अल-असद के समर्थकों के बीच संघर्ष के दौरान हिंसा हुई थी। यह हिंसा तब शुरू हुई जब वर्तमान सरकार के पक्ष में गोलियां चलाने वाले बंदूकधारियों ने पूर्व राष्ट्रपति असद के प्रति वफादार अलावित अल्पसंख्यक समुदाय के खिलाफ बदले की भावना से हत्या की शुरूआत की।

सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि संघर्षों में 745 नागरिक मारे गए, जिनमें से अधिकांश को नजदीक से गोलियों से मारा गया था। इसके अलावा, 125 सरकारी सुरक्षा बलों के सदस्य और असद से जुड़े सशस्त्र समूहों के 148 उग्रवादी भी मारे गए हैं। असद शासन के दौरान



अलावितों को सेना और अन्य उच्च पदों पर प्रमुख स्थान मिला था। हालांकि, तीन महीने पहले नए शासन की शुरूआत के साथअलावित समुदाय को बार-बार उनके पूर्व राष्ट्रपति से जुड़े होने के कारण निशाना बनाया गया है। ब्रिटेन स्थित सीरियाई मानवाधिकार वेधशाला ने कहा कि हिंसा के साथ-साथ कई अलावित बहुल क्षेत्रों में बिजली और पीने का पानी भी काट दिया गया है। गांवों के लोगों ने एपी को बताया कि समुदाय के कई घरों को लूटा गया और फिर आग लगा दी गई। लेबनान के राजनेता हैदर नासिर अपने देश की संसद में अलावित समुदाय के लिए निर्धारित दो सीटों में से एक पर बैठते हैं। उन्होंने कहा कि लोग अपनी सुरक्षा के लिए सीरिया से लेबनान भाग रहे हैं।

गवाहों ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि महिलाओं को कथित तौर पर निर्वस्त्र करके सड़कों पर घुमाया गया और फिर गोली मारकर हत्या कर दी गई। इस भयावह दृश्य ने हिंसा को और भड़का दिया। बानियास शहर को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। वहां सड़कों पर शव पड़े हुए थे। इमारतों की छतों पर भी लाशें देखी गईं। बंदूकधारियों ने नागरिकों को शवों को दफनाने से रोक रखा था।

## पुलिस ने जारी किया आदेश : सार्वजनिक कार्यक्रमों, बसों में डबल मीनिंग वाले भोजपुरी गाने बजाए तो होगा एक्शन

**पटना :** बिहार पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर अश्लील और डबल मीनिंग भोजपुरी गाने बजाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का आदेश दिया है। पुलिस मुख्यालय से जारी एक सर्कुलर में कहा गया है कि यह एक गंभीर सामाजिक समस्या बन गई है। बच्चों के मानसिक विकास पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

राज्य के पुलिस मुख्यालय ने एक सर्कुलर जारी कर सभी आईजी, डीआईजी और रेलवे पुलिस को इस आदेश को लागू करने के निर्देश दिए। सर्कुलर में कहा गया है कि राज्यभर में विशेष अभियान चलाकर उन लोगों की पहचान की जाए, जो सार्वजनिक कार्यक्रमों, बसों, ट्रकों और ऑटो-रिक्शा में अश्लील और द्विअर्थी भोजपुरी गाने बजाकर माहौल खराब करते हैं।

## जंगली भालू का आतंक, दहशत में ग्रामीण

**गढ़वाः** जिले में जंगली जानवरों की वजह से दहशत में जी रहे हैं ग्रामीण। कभी जंगली हाथी तो कभी बाघ, तेंदुआ और अब लोग भालू से परेशान हैं। जंगली हाथियों का आतंक तो रोजमर्रा की बात हो गई है, लेकिन कुछ दिनों से उत्तर प्रदेश और बिहार की सीमा स्थित खरौंधी प्रखंड क्षेत्र में जंगली भालू का दहशत देखा जा रहा है। अब तक भालू के हमले में करीब आधा दर्जन लोग घायल हो चुके हैं। भालू ने दो दिन तक दहशत फैलाने के बाद यूपी में किया प्रवेशः गढ़वा जिला के केतार और खरौंधी प्रखंड के क्षेत्रों में दो दिनों तक भालू का आतंक रहा लेकिन फिलहाल वन विभाग की मानें तो जंगली भालू यूपी की सीमा में प्रवेश कर लिया है। इसकी जानकारी देते हुए डीएफओ अंशुमान कुमार ने कहा कि यह भालू बिहार के कैमूर पहाड़ी से सोन नदी पार करते हुए गढ़वा जिले के सीमावर्ती इलाका केतार और खरौंधी में प्रवेश किया था। लोग जंगली भालू को खुद से भगाने लगे थे, जिससे वह आक्रोशित होकर कुछ लोगों को घायल कर दिया। फिलहाल भालू उत्तर प्रदेश के इलाके में प्रवेश कर गया है। वन विभाग बिहार, उत्तर प्रदेश के डीएफओ के संपर्क में है। हमलोग लगातार भालू को ट्रेस कर रहे हैं।

### चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : भारत बनाम न्यूजीलैंड में होगी जबरदस्त टक्कर

# दुबई में फाइनल आज,दोपहर 2.30 से



- 12 साल बाद चैंपियंस ट्रॉफी जीतने उतरेगा भारत, न्यूजीलैंड से मिलेगी कड़ी टक्कर, टॉस दो बजे
- एक से 11 तक, भारत-न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर
- छह आईसीसी फाइनल में हिटमैन के नाम एक भी 50+ का स्कोर नहीं, पिछले साल की तरह कोहली दिलाएंगे एक और खिताब?

**एजेंसी/ दुबईः** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल की मेजबानी के लिए तैयार है। रविवार को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को चैंपियन का टैग मिलेगा। टूर्नामेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। वहीं, कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सेंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अजेय है, जबकि न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया है। कीवी टीम को भारत ने 44 रन से हराया था। बता दें कि 19 फरवरी को चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की शुरूआत हुई थी। आठ टीमों के बीच 14 मुकाबलों की टक्कर के बाद फाइनलिस्ट का फैसला हुआ। भारत तीसरी बार इस टूर्नामेंट को जीतना चाहेगा, तो न्यूजीलैंड की नजरें दूसरे खिताब पर होंगी। चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल से पहले पिच को लेकर काफी चर्चा है। पाकिस्तान में हुए मैचों में काफी रन बन रहे हैं। दूसरी तरफ यूएई की पिच धीमी रही है और स्पिन गेंदबाजों को मदद करती है। भारत और न्यूजीलैंड का फाइनल उसी पिच पर होगा, जिसपर भारत और पाकिस्तान का मुकाबला खेला गया था। वह पिच बल्लेबाजी के लिए ठीक ठाक थी। हालांकि पाकिस्तान ने धीमी बैटिंग की और मैच हार गई। भारत ने तो 242 रनों का लक्ष्य 42वें ओवर में ही हासिल कर लिया था।

**भारत—** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, वाशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, ऋषभ पंत, रविंद्र जडेजा, वरुण चक्रवर्ती।

**न्यूजीलैंड—** मिचेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिशेल, विल ओ रूर्के, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रविंद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

**भारत की ताकत :** कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फॉर्म में भारतीय टीम की बल्लेबाजी लय में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूर्नामेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पांड्या भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फॉर्म साबित कर चुके हैं। टॉप-5 बल्लेबाजों में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं।

**मोहम्मद शमी-वरुण चक्रवर्ती को 5-5 विकेट :** भारतीय टीम के गेंदबाज इस टूनामेंट में अब तक 37 विकेट ले चुके हैं। इनमें 16 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए, जबकि 21 विकेट स्पिनर्स के खाते में आए हैं। मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती एक मैच में 5-5 विकेट ले चुके हैं। टॉप-5 गेंदबाजों की बात करें, तो इसमें भारत के दो गेंदबाज शामिल हैं। शमी आठ और वरुण सात विकेट हासिल कर चुके हैं।

**दुबई की कंडीशंस का फायदा :** भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में टीम इंडिया को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है।

**न्यूजीलैंड की स्ट्रेंथ :** चार कीवी बल्लेबाजों ने लगाए पांच शतक न्यूजीलैंड की बल्लेबाजी कमाल के फॉर्म में है। रचिन रविंद्र दो शतक बना चुके हैं, जबकि केन विलियम्सन, टॉम लैथम और विल यंग के नाम एक-एक शतक है। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज रचिन रविंद्र (226 रन) टॉप स्कोरर में नंबर-2 पर हैं।

**मैट हेनरी टॉप विकेट टेकर :** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी टूर्नामेंट में 10 विकेट ले चुके हैं। वह टॉप विकेट टेकर्स की लिस्ट में पहले नंबर पर हैं। मैट हेनरी भारतीय टीम को परेशान कर सकते हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ लीग स्टेज मुकाबले में पांच विकेट झटके थे।




# मुख्यमंत्री ने बाहा पर्व पर सरना पूजा स्थल में की उपासना, राज्यवासियों के सुख-समृद्धि की कामना

संवाददाता

**रांची :** प्रकृति उपासना के महापर्व 'बाहा पर्व' के शुभ अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जमशेदपुर के कदमा स्थित शास्त्रीनगर के सरना पूजा स्थल 'जाहेरथान' में पारंपरिक विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इस दौरान राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, उन्नति और कल्याण की कामना की। इस अवसर पर उन्होंने गुरु गोमके पंडित रघुनाथ मुर्मू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

**आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण सरकार की प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस अवसर पर कहा कि झारखंड सरकार आदिवासी समाज की समृद्ध संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली को संरक्षित और सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार आर्थिक विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक संरक्षण के बहुआयामी दृष्टिकोण के साथ आदिवासी समुदाय को सशक्त करने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि आदिवासी समाज को एकजुट रहने की आवश्यकता है ताकि वे अपनी परंपराओं और संस्कृति को मजबूती से आगे बढ़ा सकें।



मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड की पहचान उसकी आदिवासी सभ्यता और संस्कृति में निहित है और आदिवासी समाज ही प्रकृति के सच्चे संरक्षक हैं। उन्होंने 'बाहा पर्व' के मौके पर पूरे राज्यवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

**सामूहिक उपासना और समुदाय की भागीदारी:** बाहा पर्व के इस विशेष आयोजन में आदिवासी समाज के प्रमुख नेता, मंत्रीगण, जनप्रतिनिधि और स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। पूजा-अर्चना के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों का पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ पालन किया गया। इस अवसर पर मंत्री रामदास सोरेन, सांसद जोबा मांझी, विधायक कल्पना सोरेन, विधायक मंगल कालिंदी, विधायक संजीव सरदार, विधायक सविता महतो, पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता उपस्थित रहे।

इसके अलावा आदिवासी संथाल जाहेरथान समिति के संरक्षक लक्ष्मण टुडू, अध्यक्ष भुवा हांसदा, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम कासके, सचिव पंचू हांसदा, महासचिव भीम, माझी बाबा बिन्दे सोरेन, सुरेंद्र टुडू एवं समिति के अन्य सदस्यगण भी इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए।

**आदिवासी समाज के लिए सरकार की योजनाएं:** मुख्यमंत्री ने इस मौके पर झारखंड में आदिवासी समाज के विकास के लिए सरकार की योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार आदिवासी समाज की संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार आदिवासी भाषाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है, ताकि झारखंड के मूल निवासियों का सर्वांगीण विकास हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'बाहा पर्व' प्रकृति और इंसान के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। यह पर्व हमें सिखाता है कि हमें अपने पर्यावरण और संस्कृति को सहेजकर रखना चाहिए। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आदिवासी समाज की परंपराओं और धरोहर को सहेजने में सहयोग देने की अपील की।

## न्यूज ब्रीफ

### बढ़ते अपराधिक घटनाओं की ग्रामीणों ने की शिकायत

**सिल्ली:** रविवार को मुरी ओपी थाना क्षेत्र बिसरिया व बांसारुली के ग्रामीणों ने मुरी पुलिस को लूटपाट एंव जानलेवा जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लिखित रूप से शिकायत की। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत के अनुसार मुरी सिल्ली से शाम को अपने गांव बिसरिया और बांसारुली वापस लौटने के क्रम में रास्ते पर कई ऐसी अपराधिक घटनाएं घट चुंकि है और आये दिन घटती आ रही है जिसे हम ग्रामीण काफी दहशत में है। कई इस तरह की अपराधिक घटनाओं को लेकर थाना में अनेकों बार लिखित शिकायत किया जा चुका है लेकिन अबतक एक भी अपराधी पकड़े नही गए, जिसे अपराधियों का मनोबल और भी अधिक बढ़ा हुआ है। ग्रामीणों ने शिकायत की प्रतिलिपि स्थानीय विधायक अमित महतो एंव ग्रामीण एसपी रांची तथा डीएसपी सिल्ली को देने की बात कही है। शिकायत करने वालों में कार्तिक महतो , माणिकनाथ महतो, विष्णु चरण महतो, भीखू महतो, अजय कुमार महतो, रामसिंह महतो व अन्य शामिल है।

### ग्राम न्यायालय में मेगा लोक अदालत सिर्फ एक केस का हुआ निष्पादन



**मांडरः** शनिवार को मांडर ग्राम न्यायालय में मेगा लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न मामलों के निपटारे के लिए लगभग 50 लोग अदालत पहुंचे, लेकिन मध्यस्थता के माध्यम से केवल एक मामले का ही समाधान हो सका।

अदालत ने शेष मामलों की अगली सुनवाई के लिए 21 मार्च की तारीख निर्धारित की है। लोक अदालत के लिए कुल 60 लोगों को नोटिस भेजा गया था, लेकिन कई मामलों में पक्षकारों की अनुपस्थिति के कारण निपटारा संभव नहीं हो सका।

कार्यक्रम के दौरान पीएलवी सुमन ठाकुर, पेशकार राहुल कुमार और अधिवक्ता सरफराज खान मौजूद थे।

### सरहुल पूजा को लेकर सरना समिति कमेटी का गठन

प्रवेश चौहान

**खलारीः** प्रखंड अंतर्गत महावीर नगर कमाती धौड़ा में सरना समिति खलारी प्रखंड की बैठक हुई ग्राम प्रधान विनोद पाहन की अध्यक्षता में हुई.इस बैठक मे सर्वसम्मति से सरहुल पर्व मनाने का निर्णय लिया गया. साथ ही बताया गया कि महा सरहुल को लेकर एक अप्रैल को भव्य शोभायात्रा निकाली जायेगी. शोभायात्रा में विभिन्न गांव के अखाड़े और कमाती धौड़ा सरहुल पूजा स्थल पहुंचेंगे और वहां से गाजे-बाजे के साथ थाना चौक, शहीद चौक, केडी मुख्य बाजार होते हुए चदरा धौड़ा पहुंचेगी. वहां पर सामूहिक समापन समारोह होगा.विभिन्न जगहों से आये अखाड़ों को पुरस्कृत कर समारोह के समापन की घोषणा की जायेगी. कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर खलारी प्रखंड स्तरीय सरना समिति का गठन किया गया. समिति में संरक्षक खलारी प्रखंड प्रमुख सोनी तिग्गा,मुखिया तेजी किसपोटा, रंथू उरांव, बहुरा मुंडा, अमृत भोगता, अध्यक्ष राजकुमार उरांव, उपाध्यक्ष निभा उरांव, योगेंद्र मुंडा, विजय उरांव, सुकरा उरांव, छोटन भोक्ता, श्रवण भोक्ता, सचिव शशि मुंडा, सह सचिव किशुन मुंडा, राहुल गंझू, कोषाध्यक्ष सुभाष उरांव, सह कोषाध्यक्ष अजीत उरांव व सदस्यों को चुना गया है।

### तीन पाहिया वाहन व वर्क शॉप का उद्घाटन



**मुरी :** सिल्ली साहेब बांध के समीप तीन पाहिया वाहन एवं वर्क शॉप का उद्घाटन मुरी ओपी के सब इंस्पेक्टर आशीष रंजन ने किया। बजाज अधिकृत डीलर प्रेमसंस बजाज ने शो रुम एवं वर्क शॉप खोला। इस मौके पर एक गाड़ी की डिलीवरी एवं पांच गाड़ी की बुकिंग की गई। जिसे कम ब्याज दर पर डाउन पेमेंट की सुविधा दी है। ग्राहकों के गाडी रख रखाव और आधुनिक वर्क शॉप बनाया है। मौके पर प्रदीप वर्मा, मुन्ना सिंह,मो साबिर हुसैन,धीरज कपूर एवं स्टाफ उपस्थित थे।

### महिला दिवस पर युवक ने ली मां और मौसी की जान, हत्या कर बोला-

## घर में मेरी कोई वैल्यू नहीं, मैंने दिखा दिया कि मैं भी कुछ हूं

**धनबाद :** जिले में उस वक्त हड़कंप मच गया है जब अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर एक युवक ने अपनी मां और मौसी की ईंट मार कर हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**सभी मुझे मच्छर समझते थे, मैंने दिखा दिया कि मैं भी कोई चीज हूं :** मामला जिले के बरवाअड्डा थाना क्षेत्र के कुलबेड़ा पंचायत के हरियाडीह गांव का है। बताया जा रहा है कि एक युवक ने अपनी मां, मौसी और बेटी पर ईंट से हमला कर दिया। घटना में मां और मौसी की मौत हो गई जबकि बेटी गंभीर रूप से घायल हो गई है। घटना के बाद ग्रामीणों ने आरोपी युवक को पकड़ कर घर के पास ही पेड़ से बांध दिया। इसके बाद पूछताछ की। आरोपी ने बताया कि घर में उसकी कोई वैल्यू नहीं थी। लोग उसे मच्छर समझते थे। उसने दिखा दिया कि वह भी कोई चीज है। ग्रामीणों का कहना है कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार है। काफी इलाज कराने के बाद वह ठीक नहीं हुआ।

परिजनों का कहना है कि आरोपी पहले भी 4 साल तक जेल में सजा काट चुका है। परिजनों ने बताया कि 5 साल पहले दिलीप की पत्नी ने जहर खाकर अपनी जान दे दी थी। आरोप लगा था कि दिलीप की प्रताड़ना की वजह से उसने जहर खाया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। न्यायालय ने उसे 7 साल की सजा सुनाई थी। चार साल तक वह जेल में था। हाल ही वह जमानत पर जेल से बाहर आया था।

### कल्पना सोरेन से मिलीं महिला समूहों की महिलाएं

## 'हक-अधिकार देने का हो रहा है कार्य': विधायक



संवाददाता

**रांचीः** विधायक कल्पना सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में विभिन्न समूहों से पहुंची महिलाओं ने मुलाकात की। इस अवसर पर विधायक कल्पना सोरेन ने राज्य की समस्त महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विधायक कल्पना सोरेन से मिलने पहुंची महिलाओं ने उन्हें ज्ञापन के माध्यम से अपनी कुछ मांगों एवं भावनाओं से अवगत कराया।

मौके पर विधायक सोरेन ने उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कुशल नेतृत्व में राज्य सरकार झारखंड की महिलाओं को शैक्षणिक, सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने निरंतर प्रयास कर रही है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि जल्द ही राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के बैंक खाते में ₹मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना₹ की राशि भेजी जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाएं चलाई जा रही हैं।

**सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा झारखंडः** विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में राज्य की महिलाओं को उनका हक-अधिकार देने का कार्य किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि दिन-प्रतिदिन झारखंड सकारात्मक दिशा की ओर आगे बढ़ रहा है। राज्य की महिलाओं के त्याग, संघर्ष और तकलीफ को राज्य सरकार ने करीब से देखा है।

मुख्यमंत्री चाहते हैं कि यहां की महिलाओं के चेहरे पर सदैव खुशी झलकती रहे। राज्य सरकार महिलाओं की हर समस्या का समाधान करने का प्रयास कर रही है, सभी को सामाजिक न्याय का अवसर प्रदान किया जा रहा है। विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि महिला सशक्तिकरण विकसित झारखंड के निर्माण का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में एक संवेदनशील और मजबूत सरकार के गठन में आप सभी महिलाओं का पूरा सहयोग प्राप्त हुआ है। राज्य की महिलाओं को प्रत्येक क्षेत्र में सम्मान देते हुए आपकी अपनी अबुआ सरकार आगे बढ़ रही है।

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

## महिलाएं हर दिन पूजनीयः सुदेश महतो



संवाददाता

**मुरी :** सिल्ली अमरूद बगान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर सभा का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो,जिप सदस्य पूर्व अध्यक्ष सुकरा सिंह मुंडा, उपाध्यक्ष वीणा देवी, प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक,सोनाहातु जिप सदस्या मंजु देवी,उप प्रमुख आरती देवी, वार्ड सदस्य खेत्रमोहन सिंह मुंडा , दिलीप कुमार महतो , मिहिर सिंह मुंडा,कमाखया सिंह मुंडा, सुसेन महतो फारूक मंच पर थे। सभा का संचालन चंचला देवी ने किया। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि आज का दिन महिलाओं को सम्मान देने का है। महिला सब दिन पूजनीय है महिलाओं के गोद में लड़का हो या लड़की पल का बड़ा होता है। आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस है। पुरुष प्रधान समाज में हजारो वर्षो से महिलाओं को दोयम दर्जा बनाके रखा गया है। हमारे समाज में महिलाओं को चौखट और घूँघट के सीमाओं में समेटकर उसे राजनैतिक आर्थिक एवं सामाजिक अधिकरों से वंचित रखा गया है। आज के दिन का ये महत्व है की व्यवस्था में बैठे लोग ऐसी नीतियाँ बनायें, ऐसे उपाय निकालें और ऐसे विचारधारा पर काम करें की महिलाओं को उसका अधिकार मिल सके। हजारो वर्षों बाद भी महिला विकास और महिला सशक्तिकरण पुरुष प्रधान समाज में एक ज्वलंत समस्या के रूप में मौजूद है। महिला विकास का अर्थ उसके हाथो में कुछ पैसे दे देना नहीं है। महिला विकास का अर्थ उसके भरण पोषण तक सीमित भी है। महिला विकास का अर्थ उसके समग्र उत्थान से है। राजनीतिक व्यवस्था में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने से है। सामाजिक व्यवस्था में उसकी महत्वता स्थापित करने से है। आर्थिक ढाँचे में उसके हिस्सेदारी सुनिश्चित करने से है। यह सभी लक्ष्य उनके हाथो में चंद रूपिये देने से हासिल नहीं होंगे। चंद रूपिये तो महिलाओं के अपार पीढ़ा को सिर्फ. तत्कालीन रूप से कम भर करेगा। इसका स्थायी निराकरण नहीं करेगा। इसका स्थायी निराकरण उन्हें उच्च शिक्षा देकर, उचित स्वस्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर, बाजार में रोजगार पाने के लिए आवश्यक कौशल से लैस कर तथा कानून बनाकर न्यायपालिका में , विधायिका में तथा सरकारी नौकरियां में इनके आबादी के अनुपात में इनकी हिस्सेदारी सुनिश्चित कर ही महिला अधिकार, महिला सशक्तिकरण तथा अर्थपूर्ण तरीके से महिला विकास के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

महिला विकास की सफल यात्रा , काम - सम्मान- स्वाभिमान की राह पर ही तय की जा सकती है। वर्तमान में महिला विकास की जो सोच शासन व्यवस्था में कायम है। उसमे से कम और स्वाभिमान गायब है। और चंद रूपिये के जिस वितरण को सरकार सम्मान कहती है, वह वास्तव में महिलाओं को भरण पोषण के दायरे तक सीमित रखने के विचारधारा को आगे बड़ाने के बराबर है। यह महिलाओं का अपमान है और दीर्घकाल में उसे पिछड़ेपन के खाई में धकेलने की साजिश है।

चुनाव से पहले 50 लाख महिलाओं को हजार रूपये की राशि दी गई। आज के अखबार में आया है कि अभी 38 लाख महिलाओं को ही दिया जायेगा। इसका मतलब है की बिना जाँच पड़ताल के सरकारी खजाने से राशि बांटी गई। सरकारी खजाने के पैसे से वोट लेने के लिए 50 लाख महिलाओं के खाते में पैसे डाले गये। स्पष्ट है सरकार यह कह रही की गलत लोगो को पैसे गए। वोट के लिए सरकारी खजाने की लूट इक आपराधिक कृत्य है। इसकी जाँच होनी चाहिए और दोषियों को सजा मिलनी चाहिए। सभा समापन पर सभी महिलाओं को सरना गमछा देकर सम्मानित किया गया।

### प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह

## अपने अधिकारों और अत्याचार के खिलाफ लड़ने को तैयार हैं महिलाएंः नेहा शिल्पी



संवाददाता

**मांडरः** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मांडर कॉलेज मैदान में आयोजित प्रगतिशील महिला सम्मान समारोह में महिलाओं ने अपनी शक्ति और योगदान का अहसास कराया। इस कार्यक्रम में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि जुल्म और अत्याचार को चुपचाप सहना या देखना भी अन्याय के समान है।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि आधुनिक भारत की महिलाएं अब घर की चौखट लांघकर अपने अधिकारों और अत्याचार के खिलाफ लड़ने को तैयार हैं। उन्होंने महिलाओं से एकजुट होकर अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि ग्रामीण इलाकों में महिलाओं की भागीदारी ने हमेशा समाज को चौंकाया है। कई महिलाएं पंचायतों में बेहतरीन कार्य कर रही हैं और ऐसी महिलाओं का सम्मान करना जरूरी है।

मंत्री ने महिला समूहों को मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि का सही निवेश करने और लखपति दीदी बनने की दिशा में कदम बढ़ाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजनाएं हमेशा महिलाओं के लिए खुली हैं।झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के राजू ने महिलाओं को संघर्ष, जीत और आकांक्षा का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि आंध्र प्रदेश की महिलाओं ने गांव-गांव में महिला समूह बनाकर शराबबंदी के खिलाफ लड़ाई की शुरूआत की थी, जिससे हजारों गांवों में शराब पर पाबंदी लगी। महिला कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूजा ने कहा कि आज भीड़ में बैठी महिलाएं कल अपने काम की बदौलत मंच पर होंगी। उन्होंने महिलाओं से अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाने और एक-दूसरे को सम्मान देकर आगे बढ़ने का संकल्प लेने की अपील की।कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने महिलाओं के लिए शिक्षा के साथ-साथ राजनीति में भागीदारी को जरूरी बताया। पूर्व मंत्री सह प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि सभी को मिलकर बेहतर गांव और पंचायत का निर्माण करना चाहिए।

इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय तीरंदाज लक्ष्मी नारायण मांझी और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी लवली चौबे भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल हुईं। महिला समूहों की भूमिका, सामाजिक कुरीतियों और महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर आधारित नाटक की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में खास प्रभाव छोड़ा।


### मातम में बदली शादी की खुशियां!

## शादी की रस्मों के बीच दुल्हन की मां की मौत, गमगीन माहौल में संपन्न हुआ विवाह

**बोकारो :** जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है जहां शादी की रस्मों के बीच दुल्हन की मां की मौत हो गई। दुल्हन की मां की मौत के बाद शादी की खुशियां मातम में बदल गई।

शादी की रस्मों के बीच दुल्हन की मां की मौतः मामला जिले के गोविंदपुर थाना अंतर्गत कालाडीह गांव का है। बताया जा रहा है कि निकिता नामक युवती के विवाह की रस्में चल रही थी। बीमार होने के कारण दुल्हन की मां 48 वर्षीया रेणु देवी शादी में शामिल नहीं हो सकी। वह घर पर ही थी। इसी बीच रेणु देवी की मौत हो गई। यह खबर सुनते ही शादी समारोह में मातम पसर गया।

गमगीन माहौल में ही शादी की रस्में पूरी की गईं और निकिता की विदाई की गई। इसके बाद वह मायके आई और अपनी मां के अंतिम दर्शन किए। इस दौरान वहां मौजूद सभी लोगों की आंखें नम थी।



## रैंक डिसाइड करता है निबंध, इन टिप्स की मदद से करें तैयारी

**निबंध लेखन यूपीएससी सिविल सर्विस परीक्षा का अनिवार्य और एक महत्वपूर्ण भाग है। निबंध का पेपर सिविल सेवा मुख्य परीक्षा के नौ पेपरों में से एक है। इस पेपर में आपको दो निबंध लिखने होंगे, जिनमें से प्रत्येक की शब्द सीमा 1000 - 1200 होगी। उम्मीदवारों को चार विषयों में से एक विषय का चयन करने के लिए दिया जाएगा।**

निबंध का पेपर कुल 250 अंकों का होता है, जिसमें एक निबंध 125 अंकों का होता है। इस पेपर के लिए एक बेहतर स्ट्रेटेजी बनाकर तैयार करना बेहद जरूरी है। आइए जानते हैं टॉपर की तरफ से तैयारी के कौन-से टिप्स दिए गए हैं।

### इंट्रोडक्शन में पाठक को लुभाने की हो ताकत

निबंध की शुरुआत इंट्रोडक्शन से होती है यही कारण है कि इसका सबसे अधिक आकर्षक होना आवश्यक है। टॉपर्स का कहना है कि इंट्रोडक्शन एक बेहतर निबंध का मूल मंत्र है।

### डाटा और फैक्ट्स से निबंध होगा मजबूत

टॉपर्स का कहना है कि निबंध में ज्यादा से ज्यादा डाटा और फैक्ट्स शामिल करने का प्रयास करें। ऐसा करने से न सिर्फ आपका निबंध विश्वसनीय बनेगा साथ ही आपको बेहतर अंक भी मिल सकते हैं।

रोज योजना मैगजीन पढ़ें

निबंध लिखने वाले उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि रोज योजना मैगजीन पढ़ें। योजना मैगजीन पढ़ने से आपको यह आइडिया हो जाएगा कि सरकारी निबंध कैसे लिखे जाते हैं। उम्मीदवार इस स्ट्रेटेजी को जरूर अपनाएं।

### असल जिंदगी के उदाहरण करें शामिल

एक बेहतर निबंध लिखने के लिए आवश्यक है कि सभी पाठकों को उससे जुड़ जाए। ऐसा करने के लिए उम्मीदवार लिखते समय असल जिंदगी से जुड़े हुए उदाहरण या किस्से कहानियां लिख सकते हैं। यह निबंध को अधिक सरल और रोचक बना देती है।



# स्कूली पढ़ाई के बाद बनाएं आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में करियर

अगर आप भी स्कूली पढ़ाई पूरी होने के बाद अन्य स्टूडेंट्स की तरह मेडिकल आदि अपना करियर नहीं बनाना चाहते हैं तो आपके पास कई ऑप्शन हैं। जिनमें आप बेहतर करियर बना सकते हैं। इन्हीं में से एक आर्किटेक्चर भी है। इंजीनियरिंग क्षेत्र के महत्वपूर्ण कोर्सेस में से आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स एक है। इसमें कोर्स में एडमिशन लेने के लिए कैंडिडेट को जेईई की परीक्षा में शामिल होना होता है। आर्किटेक्चर के तौर पर आपका काम बिल्डिंगों के निर्माण, डिजाइन आदि से संबंधित होता है। बता दें कि देश के अलावा विदेशों में भी आर्किटेक्चर्स की डिमांड काफी बढ़ी है। 12वीं पास करने के बाद आप भी इस फील्ड में अपना करियर बना सकते हैं। इसमें प्रवेश लेने के लिए आपको प्रवेश परीक्षा पास करनी होती है।

## 4 साल का कोर्स

बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स 4 साल का होता है। इस कोर्स को 8 सेमेस्टर में डिवाइड किया गया है। इसकी पढ़ाई के दौरान छात्रों को प्लानिंग, डिजाइनिंग, निर्माण, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन आदि के बारे में बताया जाता है। साथ ही सिविल इंजीनियरिंग के बुनियादी पहलुओं के बारे में भी स्टूडेंट्स को सिखाया बताया जाता है। इस कोर्स को करने वाले छात्रों में रचनात्मक, क्रिएटिविटी और कल्पना का होना जरूरी है।



## योग्यता

- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए छात्र को 12वीं साइंस स्ट्रीम से पास करना जरूरी है।
- 12वीं कक्षा की अंतिम परीक्षा के दौरान आप इस कोर्स के लिए अप्लाई कर सकते हैं।
- इसमें एडमिशन के लिए छात्र के कम से कम 50% अंक होना जरूरी है।
- 12वीं पीसीएम में अंग्रेजी विषय की जानकारी होना आवश्यक है।
- आरक्षित श्रेणी के छात्रों को गाइडलाइन्स के हिसाब से 5% की छूट मिलती है।



## एडमिशन प्रोसेस

आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग में बीटेक कोर्स करने वाले छात्रों को प्रवेश परीक्षा में शामिल होना अनिवार्य है। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए कैंडिडेट को कंडक्टिंग बॉडी द्वारा जारी किए आवेदन फॉर्म को भरना होता है। इस फॉर्म को भरने वाले कैंडिडेट को ई-मेल आईडी के जरिए अपनी शैक्षिक जानकारी और जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें। इसके बाद आपको आवेदन फीस देनी होगी। आवेदन होने के बाद प्रवेश परीक्षा में उम्मीदवारों अच्छा प्रदर्शन करना होता है। परीक्षा में रैंक के आधार पर काउंसलिंग प्रोसेस होता है। नंबर अच्छे आने के बाद छात्रों को सीट अलॉट की जाती है।

### प्रवेश परीक्षा

- जेईई मेन
- जेईई एडवांस
- डब्ल्यूजेईई
- वीआईटीईईई
- एसआरएमजेईई
- केईएएम
- एलपीयूएनईएसटी
- एनएटीए
- एपी ईएएमसीईटी

## पद

- आर्किटेक्चर – 2 से 3 लाख रुपये
- बिल्डिंग सर्वेयर – 3.5 से 4 लाख रुपये
- आर्किटेक्चूरल इंजीनियर – 4 से 5 लाख रुपये
- स्ट्रक्चुरल इंजीनियर – 5 से 6 लाख रुपये
- रूरल प्लानिंग – 5 से 6 लाख रुपये
- अबर प्लानिंग – 6 लाख रुपये
- इंटिरियर डिजाइन – 5 से 6 लाख रुपये

- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स
- निर्माण उद्योग
- डिजाइन और वास्तुकला उद्योग
- इंटीरियर डिजाइनिंग
- नगर योजना आयोग
- एयरोस्पेस उद्योग
- भारतीय रेल
- नगर निगम
- भारतीय हवाई अड्डा प्राधिकरण
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)
- रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन
- राष्ट्रीय भवन निर्माण निगम लिमिटेड
- आइडिया
- शोवा सेकेई
- पलाफॉक्स एसोसिएट्स
- मोर्फोजेनेसिस
- औकेट स्वांके
- मूलरूप समूह
- प्रोगेटो सीएमआर
- बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग कोर्स – उच्च शिक्षा
- एमटेक/एमई इन आर्किटेक्चर

## कॉलेज और फीस

**इंदिरा गांधी प्रौद्योगिकी संस्थान**
कोर्स की फीस – 34,500 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 11,45,000 रुपये (सालाना)

**थंगल कुंजू मुसलियार कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग (टीकेएमसीई)**
कोर्स की फीस – 12, 425 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 8,00,000 रुपये (सालाना)

**चंडीगढ़ विश्वविद्यालय चंडीगढ़**
कोर्स की फीस – 1,60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 6,00,00 रुपये (सालाना)

**निम्स यूनिवर्सिटी जयपुर**
कॉलेज की फीस – 60,000 रुपये

**लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी जालंधर**
कोर्स की फीस – 1,38, 200 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 20,00,000 रुपये (सालाना)

**इंडियाना इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी, गोरखपुर**
कोर्स की फीस – 54, 000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 5,40,000 रुपये (सालाना)

**अखिल भारतीय प्रौद्योगिकी और प्रबंधन संस्थान – [एआईआईटीएम] चेन्नई**
कोर्स की फीस – 60,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 3,00,000 रुपये (सालाना)

**केसी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी ऊना**
कोर्स की फीस – 70,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 6,00,000 रुपये (सालाना)

**हिंदुस्तान प्रौद्योगिकी और विज्ञान संस्थान (एचआईटीएस) चेन्नई**
कोर्स की फीस – 2,87,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 3,80,000 रुपये (सालाना)

**स्कूल ऑफ एरोनॉटिक्स नई दिल्ली**
कोर्स की फीस – 1,80,000 रुपये
औसतन प्लेसमेंट पैकेज – 4,80,000 रुपये (सालाना)

**आईआईटी, मद्रास**
कोर्स की फीस – 9.1 लाख रुपये

**एसआरएम विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस – 14 लाख रुपये

**एमआईटी मणिपाल**
कोर्स की फीस – 16 लाख रुपये

**अन्ना विश्वविद्यालय**
कोर्स की फीस – 5 लाख रुपये



# बकरी पालन एक लाभकारी व्यवसाय

आज जब एक ओर पशुओं के चारे दाने एवं दवाएं महॅगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हो गया हैं । ऐसे में बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देखरेख में गरीब किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक मजबूत साधन बन रहा हैं । इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है। बकरी एक पालतु पशु है जिसे दूध तथा मांस के लिये पाला जाता है । इसके अतिरिक्त इससे चमड़ा, बाल, रेशा तथा खाद प्राप्त होता है । वातावरण एवं वरणात्मक प्रजनन ने बकरी की कई नस्लों को तैयार किया, जो विभिन्न स्थानों पर उपयोग के अनुसार पाई जाती हैं । आज भारत में लगभग 20 उन्नत नस्लें पाई जाती हैं । बकरी पालन का एक लाभकारी पहलू यह है कि इसे महिलाएं भी आसानी से पाल सकती हैं । वर्तमान में बकरी व्यवसाय की लोकप्रियता तथा सफलता का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि देश के विभिन्न क्षेत्रों में इसका व्यवसायीकरण हो रहा हैं । औद्योगिक घराने तथा व्यवसायी बकरी पालन पर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है और बड़े बड़े बकरी फार्म सफलतापूर्वक चल रहे हैं । भारत की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में बकरी जैसा छोटे आकार का पशु भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं । विगत 2-3 दशकों में बढ़ी हुई वध दर के वाबजूद विकासशील देशों में बकरियों की संख्या में निरंतर वृद्धि, इनके सामाजिक एवं आर्थिक महत्व को दर्शाती हैं । प्राकृतिक रूप से निम्न कारक बकरी विकास दर को बड़ाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं और इन्हीं कारणों से बकरी का एक विशेष स्थान है – बकरी का विभिन्न जलवायु क्षेत्रों में ढालने की क्षमता रखना । इसी गुण के कारण बकरियां देश के विभिन्न भौगोलिक भूभागों में पाई जाती हैं। बकरी की अनेक नस्लों का एक से अधिक बच्चा देने की क्षमता रखना । बकरी की व्याने के उपरांत अन्य पशु प्रजातियों की तुलना में पुन- जनने के लिये जल्दी तैयार हो जाना ।

बकरी पालन प्राय- सभी जलवायु में कम लागत, साधारण आवास, सामान्य रख-रखाव तथा पालन पोषण के साथ संभव है । इसके उत्पाद की बिक्री हेतु बाजार सर्वत्र उपलब्ध है।

### बकरी पालन की उपयोगिता

आज जब एक ओर पशुओं के चारे दाने एवं दवाएं महॅगी होने से पशुपालन आर्थिक दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण हो गया हैं । ऐसे में बकरी पालन कम लागत एवं सामान्य देखरेख में गरीब किसानों एवं खेतिहर मजदूरों के जीविकोपार्जन का एक मजबूत साधन बन रहा हैं । इतना ही नहीं इससे होने वाली आय समाज के आर्थिक रूप से सम्पन्न लोगों को भी अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं । बकरी पालन स्वरोजगार का एक प्रबल साधन बन रहा है। बकरी पालन मुख्य रूप से मांस, दूध तथा रोआ (पसमिना एवं मोहेर) के लिये किया जा सकता हैं । हमारे क्षेत्र में पाई जाने वाली बकरियां वयस्क होकर दो वर्ष में कम से कम 3 बार बच्चों को जन्म देती हैं और एक वियान में 1 से 2 बच्चों को जन्म देती हैं ।

बकरियों से मांस, दूध, खाल एवं रोआ के अतिरिक्त इसके मल-मूत्र से जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ती हैं । बकरियां प्राय- चारागाह पर निर्भर रहती हैं । यह झाडियाँ, जंगली घास तथा पेड़ के पत्तों को खाकर हम लोगो के लिये पौष्टिक पदार्थ जैसे मांस एवं दूध उत्पादित करती हैं।

### बकरी पालन हेतु कुछ सावधानियां

- बकरा बकरी को अलग अलग रखना चाहिये।
- प्रथम प्रजनन 8 से 10 माह के बाद ही कराना चाहिये।
- बच्चा देने के बाद कम से कम 30 बाद ही पुन- प्रजनन करावें ।
- बकरी के बच्चों को ठंड से बचाना चाहिये।
- नर बच्चों का बधियाकरण 2 माह की उम्र में कराएं ।
- बकरियों का नियमित टीकाकरण कराएं तथा कृमिनाशक दवा दें ।
- आवास हमेशा साफ सुथरा रखें।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

### उपायुक्त ने 30 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन, कहा–

# इस तरह के प्रशिक्षण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

**मेट्रो रेज**

साहिबगंजः बोरियो प्रखंड के करमपहाड़ में उपायुक्त हेमंत सती के कर-कमलों द्वारा अनाबद्ध निधि योजना अंतर्गत 30 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जबकि उपायुक्त ने प्रशिक्षण में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को टूल किट भी वितरित किए जिससे उन्हें कार्य सीखने और आत्मनिर्भर बनने में सहायता मिलेगी। स्थानीय युवाओं और परिवारों को मिलेगा रोजगार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम करमपहाड़ के स्थानीय युवाओं और परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। इस योजना के तहत प्रतिभागियों को बांस क्राफ्ट, सॉफ्ट टॉय निर्माण सहित अन्य हस्तशिल्प कलाओं



का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे रोजगार के नए अवसरों का सृजन कर सकें। उपायुक्त हेमंत सती ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम न केवल स्थानीय कारीगरों की कला को संवारने का काम करते हैं। बल्कि इससे उनके परिवारों का आर्थिक सशक्तिकरण भी होगा। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को उत्साहित करते हुए कहा कि वे इस अवसर का पूरा लाभ उठाएं और हस्तशिल्प उद्योग में आगे बढ़ें। कार्यक्रम के बाद उपायुक्त ने करमपहाड़ में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए और समय पर कार्य पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण बच्चों और महिलाओं के कल्याण के लिए हो रहा है। इसलिए इसकी गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाना चाहिए।इस कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा, जिला योजना पदाधिकारी अनुप कुमार, मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक देवव्रत कुमार, मनीष कुमार मिश्रा समेत अन्य पदाधिकारी एवं प्रशिक्षक उपस्थित थे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह प्रशिक्षण उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह 30 दिवसीय हस्तशिल्प प्रशिक्षण कार्यक्रम स्थानीय युवाओं और परिवारों को नए कौशल सीखने और रोजगार प्राप्त करने का अवसर प्रदान करेगा। उपायुक्त द्वारा टूल किट वितरण और आंगनबाड़ी केंद्र निरीक्षण से यह स्पष्ट होता है कि प्रशासन क्षेत्र के विकास और लोगों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

## नेहरू युवा केंद्र माई भारत ने किया अंतराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

**मेट्रो रेज**

**साहिबगंज :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन नेहरू युवा केंद्र माय भारत द्वारा साहिबगंज गैस गोदाम में स्थित कोचिंग सेंटर में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शिक्षक रविकांत तांती,पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक कौशर अंसारी और चंदन कुमार उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए कौशर अंसारी ने बताया कि महिला देश की आधी आबादी है। और उनका प्रतिनिधित्व देश के हर क्षेत्रों में है। जैसे हमारे देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण है। जिन्होंने कुछ समय पहले ही देश का बजट पेश किया अभी हाल ही में दिल्ली जैसे राज्य जिनकी मुख्य मंत्री रेखा गुप्ता को बनाया गया आज महिलाएं हवाई से लेकर ट्रेन तक चला रही हैं। इसके बाद भी महिलाओं को आगे बढ़ाने का कार्य निरंतर करना होगा।चंदन कुमार ने बताया कि 8 मार्च को मनाए जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के लिए अभियान की थीम कार्रवाई में तेजी लाना रखी गई है। जिसमें लैंगिक समानता को आगे बढ़ाने की



तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया गया है। विश्व आर्थिक मंच के अनुसार,वर्तमान गति से, पूर्ण लैंगिक समानता प्राप्त करने में 2158 तक का समय लग सकता है।जो कि अब से लगभग पाँच पीढ़ियों का समय है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस महिलाओं की उपलब्धियों का सम्मान करने और लैंगिक समानता की वकालत करने के लिए 8 मार्च को दुनिया भर में मनाया जाता है। 2025 में थीम सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए:अधिकार समानता। सशक्तिकरण है। जो लैंगिक समानता की दिशा में प्रगति को तेज करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर देती है। कार्यक्रम में उपस्थित रविकांत तांती ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। जो महिलाओं के सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक योगदान को सम्मानित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।यह दिन महिलाओं के अधिकारों की रक्षा समानता और सशक्तिकरण के लिए जागरूकता फैलाने का माध्यम बनता है। दुनिया भर में इस दिन को महिला सशक्तिकरण और उनके संघर्षों की सराहना के रूप में मनाया जाता है। यह महिलाओं के योगदान को मान्यता देने और उनके अधिकारों के लिए संघर्ष को बढ़ावा देने का एक अवसर है।इस कार्यक्रम में गुड़िया चांदनी रेणु प्रियंका रानी नीलू मौसमी सुहानी,तमन्ना,रिया प्रिया रागिनी नेहा खुशबू के साथ दर्जनों बच्चियां उपस्थित हुईं।

### अंतर्राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण पर स्थानीय आजाद नगर में भव्य कार्यक्रम



**साहिबगंज :**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार शाखा साहिबगंज की महिला मंडल के द्वारा महिला सशक्तिकरण पर स्थानीय आजाद नगर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें रानी श्रीवास्तव और उषा शाह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जबकि कार्यक्रम में परम वंदनीय माता भगवती शर्मा द्वारा चलाई गई नारी जागरण, नारी सशक्तिकरण के विषय पर विस्तृत परिचर्चा की गई। कार्यक्रम के अंत में गीत, संगीत ,नृत्य का भी आयोजन हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में बरहेट से सीमा देवी, मिर्जा चौकी से सुप्रिया वर्णवाल अपने टोली के साथ एवं साहिबगंज से रीता गुप्ता की पूरी महिला टीम ने सक्रिय भूमिका निभाई।

### महिला दिवस पर कृषक गोष्ठी

## कृषि क्षेत्र में भी महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है : प्रमुख



साहिबगंज/उधवा : प्रखण्ड सभागार में प्रमुख स्टेनशिला सोरेन की अध्यक्षता में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर एक कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी, बीटीएम धर्मराज मंडल, और कई पंचायतों की महिलाएं शामिल हुईं। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और कृषि क्षेत्र में महिलाओं की भूमिका पर केंद्रित था। इस अवसर पर प्रमुख स्टेनशिला सोरेन ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं और उनकी भूमिका कृषि क्षेत्र में भी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए काम करना होगा ताकि वे अपने अधिकारों को समझ सकें और अपने जीवन को बेहतर बना सकें। बीडीओ सह सीओ जयंत कुमार तिवारी ने भी इस अवसर पर कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए कई योजनाएं चला रही है और हमें इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए महिलाओं को जागरूक करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें महिलाओं को कृषि क्षेत्र में भी प्रोत्साहित करना होगा ताकि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकें।इस कार्यक्रम में कई पंचायतों की महिलाएं शामिल हुईं और उन्होंने अपने अनुभवों को साझा किया। उन्होंने कहा कि वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाने के लिए कृषि क्षेत्र में काम करना चाहती हैं और उन्हें इस क्षेत्र में प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की योजनाओं का लाभ उठाना चाहती हैं।

## दहेज प्रताड़ना मामले में चार पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज/उधवा :** राधानगर पुलिस ने दहेज प्रताड़ित मामले में चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। राधानगर थाना पुलिस ने यह कार्रवाई दक्षिण सरफराजगंज पंचायत के इंग्लिश निवासी सरीना खातून की शिकायत पर की है। सरीना खातून ने शिकायत में बताया कि उसकी शादी पश्चिम बंगाल के फरक्का थाना अंतर्गत दोहतपुर गांव के मोस्ताकिम शेख उर्फ फिरोज के साथ हुई थी। शादी के कुछ महीनों तक दोनों का दाम्पत्य जीवन ठीक ठाक रहा, लेकिन इसके बाद ससुराल वाले दहेज की मांग करने लगे। दहेज देने से इंकार करने पर मोस्ताकीम शेख उर्फ फिरोज, मेहरूल बीबी, सुल्ताना खातून व ताहिरुल शेख ने सरीना खातून के साथ शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। बात-बात पर उसके साथ मारपीट भी की गई। सरीना खातून ने बताया कि वह अपने पति और ससुराल वालों के प्रताड़ना से तंग आकर अपने मायके में रह रही है। पुलिस ने पीड़िता के बयान पर दहेज अधिनियम के तहत चार आरोपितों के विरुद्ध कांड संख्या 80/25 दर्ज किया है।

## सड़क अतिक्रमण विवाद की जांच करने पहुंचे बीस सूत्री अध्यक्ष

**मेट्रो रेज**

**साहिबगंज/बरहरवा:**-बरहरवा प्रखंड के दुलमपुर मोड़ से बिशनपुर तक जाने वाले ग्रामीण सड़क पर अतिक्रमण को लेकर लगभग दो तीन वर्षों से स्थानीय ग्रामीणों के बीच विवाद उतपन्न हो गई है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि मुंशी मास्टर नामक व्यक्ति द्वारा सड़क और सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर कब्जा करके घेराबंदी कर रखा गया है।ग्रामीणों



के लिए यही एक मुख्य सड़क है। जो दो पंचायत के ग्रामों और मुख्य हाइवे को जोड़ती है। जमीन पर अतिक्रमण के कारण ग्रामीणों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उक्त शिकायत बीस सूत्री अध्यक्ष अशोक दास के पास पहुँची जिस पर संज्ञान लेते हुए वो विवादित स्थल की जाँच करने पहुँचे। मौके पर मुखिया समुद्री बाक्ति,पंचायत समिति सम्भु रजक,वार्ड सदस्य खुदू मंडल,हरीशपुर मंटू रहमान,अमर यादव सहित स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।

### जागरूकता अभियान के तहत बैठक

# संगठन की मजबूती के लिए अभिकर्ताओं को जागरूक करने और उनकी समस्याओं पर हुई चर्चा


**मेट्रो रेज**

साहिबगंजः प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार संथाल परगना प्रमंडल में जागरूकता अभियान के तहत राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ जिला इकाई दुमका के अभिकर्ताओ के साथ प्रमंडलीय प्रभारी चंदन कुमार रमानी ने कर्मचारी महासंघ कार्यालय में एक बैठक की। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य अपने संगठन के लिए अभिकर्ताओं को जागरूक करना एंव अभिकर्ताओं की समस्या को जानना है । जिला अध्यक्ष मो० जावेद के कहा अपना संगठन हम अल्प बचत अभिकर्ताओ का है। और संगठन



हमेशा अभिकर्ताओं के हित के लिए कार्य करती है।साथ ही उन्होंने कहा की दुमका जिला मे महिला प्रधान अभिकर्ता का नया एजेंसी की न्युक्ति पिछले कई महीनो से बंद है। पर संगठन के द्वारा ध्यान देना चाहिए प्रमंडलीय प्रभारी चंदन कुमार रमानी ने कहा कि अपने झारखंड प्रदेश कमिटी ने यह निर्णय लिया है की जो अभिकर्ता अपने संगठन के प्रति सक्रिय एवं जागरुक नहीं है। वैसे अभिकर्ता को संगठन द्वारा किसी तरह का सहयोग नहीं किया जाऐगा एवं अपने राष्ट्रीय कमिटी द्वारा अभिकर्ताओ को मिलने वाला दुर्घटना हित लाभ के लिए जिला कमिटी वैसे अभिकर्ता का अनुमोदन नहीं करने के लिए स्वतंत्र होगी । आने वाले कुछ महीने में हमारा राष्ट्रीय कमिटी का वार्षिक समारोह होने वाला हैं। अपना झारखंड प्रदेश कमिटी अनुरोध करती है। की इस समारोह में दुमका जिला के अभिकर्ता अधिक से अधिक संख्या में शामिल हो। इस बैठक में प्रमंडलीय प्रभारी चंदन कुमार रमानी, जिला अध्यक्ष मो० जावेद,सचिव तपन चक्रवर्ती,उपाध्यक्ष मनोरंजन तिवारी,प्रदीप कुमार गुप्ता संरक्षक,गौतम कुमारपाल, शंकर पंडित, रंजीत घोष , राजीव कुमार, मो०अली, गौतम गोण, अलंकार पोद्दार, तबरेज अली, मलय राय, अशोक कुमार झा, मलय मंडल, प्रदीप कुमार दत्ता, गौतम कुमार साहा, पार्थो ब्योरा, गणेश कुमार मंडल, संतोष कुमार, विद्युत कुमार साहा, बीना देवी, अंजली देवी, व अन्य मौजूद रहे।

### प्रशासन ने श्रीकुण्ड में चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान, नोटिस के बाद हुई कार्रवाई



साहिबगंज/बरहरवा : प्रखंड क्षेत्र के श्रीकुंड चौक ब्रिज मोड़ पर प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने के लिए एक बड़ा अभियान चलाया। इस अभियान में,सड़क किनारे अतिक्रमित कर अवैध रूप से बनाये दुकानों और होटलो इत्यदि को जेसीबी के माध्यम से त्वरित कार्यवाही करते हुए हटाया गया।जानकारी के अनुसार अतिक्रमण के कारण सड़क संकरी हो गई थी।जिससे यातायात में बाधा उत्पन्न हो रही थी।और अतिक्रमण के कारण दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया था।प्रशासन ने पहले अतिक्रमित करने वाले विधिवत नोटिस जारी कर तय समय पर अतिकर्मित स्थान को खाली करने का निर्देश दिया था लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया जिसके बाद बरहरवा अंचलाधिकारी रामजी वर्मा के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान संचालित किंया गया।मौके

### न्यूज IN ब्रीफ

### महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए आयोजित



**साहिबगंज/उधवा :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को एक विधिक सेवा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम झालसा रांची के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार साहिबगंज के प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष अखिल कुमार के निर्देशन में चलाया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत महिलाओं को मुफ्त कानूनी सहायता, घरेलू हिंसा, दुष्कर्म, आदि की जानकारी दी गई। विधिक सेवा प्राधिकार पीएलवी रुपेशवर कुमार सरकार ने विभिन्न प्रकार की कानूनी जानकारी दी जिसमें चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, 15100, पोक्सो एक्ट, मानव तस्करी, दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह, पुलिस हेल्पलाइन 100 सहित अन्य विषय शामिल थे।उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम महिलाओं को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए आयोजित किया गया था।कार्यक्रम में पंचायत सचिव मोनिका मुर्मू, उप मुखिया दीपा देवी, सुचित्रा सरकार व अन्य उपस्थित थे।

### बीएसए महिला महाविद्यालय पतना में एनवाईके ने किया महिला दिवस आयोजित



**साहिबगंज/पतना :** अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन साहिबगंज के द्वारा पूर्व राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक विशाल कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में बीएसए महिला महाविद्यालय पतना में अंतराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य प्रोफेसर भानुदेव प्रसाद सिंह मौजूद रहे।कार्यक्रम की शुरूआत सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के महिला शिक्षिकाओं को उपहार देकर उन्हें सम्मानित किया गया। इसके बाद अपने संबोधन में प्राचार्य ने उपस्थित छात्राओं को महिला दिवस की बधाई दी और कहा कि आज के समय महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है।रोज नए नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है।हमारा महाविद्यालय भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के छात्राओं को शिक्षा देकर उनके उत्थान का कार्य कर रहा है।मौके प्रोफेसर पूनम सिंह,ग्लोरिया यूनिक हाँसदा,वीणा चौरसिया,प्रदीप कुमार भगत,बासदेव साहा,थॉमस रॉबर्ट,छात्रा सुप्रिया हेंब्रम,मरियम मालतो,रोहिमा खातून,माधुरी कुमारी,लक्ष्मी गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

### महिला दिवस पर महिलाओं को किया गया सम्मानित



**साहिबगंज:** सदर प्रखंड स्थित महादेवगंज निषाद ओला में जनहित क्लब द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं और माताओं के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनहित क्लब के कोषाध्यक्ष अनुराग राहुल ने मंच संचालन करते हुए कहा कि नारी के अनेक स्वरूप है। जरूरत है। उसे सामान देने की,वही क्लब के सचिव सुनील कुमार यादव ने अपने संबोधन में महिलाओं के हक और अधिकार को लेकर हमेशा क्लब आपके साथ खड़ा है।क्लब के सचिव संजय कुमार ने अपने संबोधन में कहां की माता स्वरूप में आप है।इस अवसर पर सुधाकर कुमार यादव माखनलाल यादव कई लोगों ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अपनी बात को रखा आज देश के सर्वोच्च पद पर महिला विराजमान है। पुरुष वर्ग भी महिलाओं के अधिकार के लिए आगे जाकर कम करें महिलाएं दूसरे को राह दिखाती है। नई के बिना यह संसार अधूरा है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर धर्म जाति संप्रदाय से ऊपर उठकर हमें काम करने की आवश्यकता है मातृ सेवा का अवसर आपके जीवन को ऊर्जावान बनाता है। इस अवसर पर महिलाओं को अंग वस्त्र देकर जनहित जनहित क्लब महादेवगंज के द्वारा सम्मानित किया गया।मौके पर सावित्री,गिरिजा,आशा देवी, जमुना देवी,सावित्री देवी,रनिया देवी,सोनिया देवी,सकुनिया देवी, उमा देवी,जानकी देवी,सुकृति देवी,सुखी देवी,राधा देवी को सम्मानित किया गया है।इस अवसर पर जनहित क्लब के सदस्य अनिल कुमार,पिंटू कुमार, अमन कुमार,शिव कुमार,बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह, मनीष कुमार सिंह,अनिल कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### महिला दिवस पर अस्पताल की सफाई कर्मी को सम्मान



साहिबगंज :सदर अस्पताल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस उत्सव के साथ मनाया गया।कार्यक्रम में समाजसेविका किट्टी सिन्हा ने अस्पताल में कार्यरत महिला डॉक्टर व सफाई कर्मी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।उन्होंने कहा कि महिला किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से काम नहीं है.चिकित्सा सेवा से महिलाएं निस्वार्थ सेवा का उदाहरण पेश करती है।वह अपने समर्पण से समाज को नई दिशा देती है।आगे बताया गया कि यह दिन महिलाओं की समानता, शक्तिकरण और अमूल्य योगदान को सम्मान देने के लिए मनाया जाता है।स्वास्थ्य सेवा में महिलाओं की भूमिका अतुलनीय है?।नारी शक्ति का सम्मान सशक्त भारत की पहचान हमारी माताएं बहने और बेटीया सिर्फ परिवार की रीड नहीं बल्कि इस देश की ताकत भी है वह घर चलती है। समाज संभालती है और अब भविष्य भी गढ़ रही है।चाहे नर्सिंग से लेकर सफाई कर्मी तक महिलाओं तक महिलाएं अपनी मेहनत और समर्पण से स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर रही है. और महिलाएं आगे बढ़ रही है। मुझे गर्व है अपने देश के ऊपर और हमारी नारी शक्ति के ऊपर हर क्षेत्र में परचम लहरा रही है। किसी घर में नारी हो तो घर-घर नहीं हुआ स्वर्ग बन जाता है?।घर के साफ सफाई स्वर्ग बनता है।और जहां साफ सफाई होती है। वहां बीमारी नहीं होती है।उन्होंने महिलाओं से आह्वान किया कि वह अपने अधिकारों को पहचान स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहे और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे बढ़े।

*अदाकारी के बाद...*

# निर्देशन में कदम रखने जा रहीं राधिका आप्टे


अपनी अलग अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही फिल्म कोट्या से निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका आप्टे ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उन्होंने पिछले कुछ सालों में पैडमैन, अंधाधुन, मोनिका और माय डार्लिंग जैसी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। अब राधिका आप्टे एक्शन-फंतासी फिल्म के साथ निर्देशन में कदम रखने जा रही हैं।

## क्या है फिल्म की कहानी?



खबरों के मुताबिक राधिका आप्टे की फिल्म कोट्या एक हिंदी/मराठी एक्शन-फंतासी है। इसमें एक प्रवासी नौजवान की कहानी दिखाई गई है। नायक एक गन्ना काटने वाला शख्स है। जबरदस्ती की एक चिकित्सा प्रक्रिया के बाद नौजवान को कुछ ताकतें मिलती हैं। इसके बाद वह उन ताकतों का इस्तेमाल अपने परिवार का कर्ज उतारने के लिए करता है। फिल्म का प्रोडक्शन विक्रमादित्य मोटवानी कर रहे हैं।

रिधिका के काम की बात करें तो वह हाल ही में सिस्टर मिडनाइट में नजर आई थीं। इस फिल्म को कान्स फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। फिल्म को बाफ्टा अवॉर्ड के नामांकित किय गया था।



# फिल्म इंडस्ट्री में समान अवसर मिलेगा तभी सशक्त बनेंगी महिलाएं: मोना सिंह

**अंतरराष्ट्रीय** महिला दिवस के अवसर पर अभिनेत्री मोना सिंह ने फिल्म इंडस्ट्री में महिलाओं के प्रतिनिधित्व पर बात की। अभिनेत्री का मानना है कि इंडस्ट्री में महिलाएं तभी सशक्त बन सकती हैं, जब उन्हें भी मुख्य किरदार मिले, समान अवसर मिले। मोना ने कहा, मेरी राय में हमारे मनोरंजन जगत में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए सबसे महत्वपूर्ण बदलाव महिलाओं के प्रतिनिधित्व और उसकी विविधता को बढ़ावा देने के साथ ही अधिक समान अवसर मुहैया कराने की आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि कैमरे के सामने और पीछे दोनों जगह महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाकर, उन्हें अधिक बारीक या अलग हटकर भूमिका निभाने की छूट देकर उनके लिए बेहतर किया जा सकता है। वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री लोकप्रिय टीवी शो जस्सी जैसी कोई नहीं में शानदार काम कर घर-घर छा गईं। शो में उनका किरदार आज भी भूला नहीं जा सकता है। उन्होंने शो में एक सेक्रेटरी की भूमिका निभाई, जो आंखों पर मोटा चश्मा, लगाए नजर आई, जिसमें कॉन्फिडेंस की कमी रहती है। टीवी के साथ ही मोना सिंह कई फिल्मों में भी काम कर चुकी हैं। जस्सी जैसी कोई नहीं के बाद वह रियलिटी शो 'झलक दिखला जा' के पहले सीजन में नजर आईं, जिसकी वह विजेता भी रहीं। 'फेमिना मिस इंडिया' और 'झलक दिखला जा 2' को भी होस्ट कर चुकी हैं। टीवी जगत में सफल होने के बाद अभिनेत्री साल 2009 में बॉलीवुड में एंट्री कीं। उन्होंने राजकुमार हिरानी की कॉमेडी-ड्रामा 3 इडियट्स (2009) में सहायक भूमिका निभाई। उनके किरदार को दर्शकों ने पसंद किया। इस दौरान मोना ने कई और भी फिल्मों में सहायक भूमिका निभाई। उन्होंने लाल सिंह चड्ढा और मुंज्या जैसी फिल्में की। उन्होंने फिल्म लाल सिंह चड्ढा में आमिर खान की मां की भूमिका निभाई थी। साथ ही वह वेब सीरीज मेड इन हेवन और काला पानी में भी अहम किरदार में नजर आईं।



# देशभक्ति फिल्में करने पर अक्षय कुमार को चिढ़ाने लगी हैं ट्विंकल, खिलाड़ी ने किया खुलासा

**अभिनेता** अक्षय कुमार एक के बाद देशभक्ति फिल्में कर रहे हैं। हाल ही में वे इस बारे में बात करते दिखे। इस दौरान एक्टर ने खुलासा किया कि देशभक्ति फिल्मों के चुनाव पर अब उनकी पत्नी ट्विंकल खन्ना भी उन्हें चिढ़ाने लगी हैं।

अभिनेता अक्षय कुमार ने अपने करियर में एक्शन से लेकर कॉमेडी और फैमिली ड्रामा तक हर शैली में फिल्में की हैं। मगर, पिछले कुछ दिनों में उन्होंने देशभक्ति फिल्में खूब की हैं। दर्शकों ने भी उन्हें जमकर प्यार दिया है। मगर, देशभक्ति फिल्मों के चुनाव को लेकर अब अक्षय कुमार की पत्नी और अभिनेत्री ट्विंकल खन्ना उन्हें चिढ़ाने लगी हैं। हाल ही में एक्टर ने इसका खुलासा किया।

## कितनी बार देश को बचाओगे?


अक्षय कुमार ने हाल ही में बैक टू बैक देशभक्ति फिल्में बनाने और उनमें लीड रोल करने पर प्रतिक्रिया दी। अक्षय कुमार रिपब्लिक टीवी के एक इवेंट में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा, जब से मैंने अपने खुद का प्रोडक्शन, केप ऑफ गुड फिल्म्स शुरू किया है, मैंने अपने देश पर बहुत सारी फिल्में बनाई हैं। हालांकि, मेरी पत्नी मुझे चिढ़ाती भी हैं कि आप कितनी बार देश को बचाओगे।

अक्षय कुमार ने अपने करियर में हॉलिडे से लेकर बेबी, एयरलिफ्ट, गोल्ड, मिशन मंगल, केसरी, स्काईफोर्स जैसी कई देशभक्ति फिल्में की हैं।

हालांकि, इस किस्म की सभी फिल्मों को दर्शकों से बेशुमार प्यार बेशक न मिला हो, लेकिन मगर अक्षय का कहना है कि वे इन फिल्मों का चुनाव मुनाफे से ज्यादा अपने पैशन की वजह से करते हैं। उनका कहना है कि बेशक थिएटर्स में ऐसी फिल्मों को कम दर्शक मिलें, लेकिन ओटीटी पर काफी लोग देखते हैं।

## इन फिल्मों में नजर आएंगे खिलाड़ी

अक्षय कुमार के वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार को जनवरी में फिल्म स्काई फोर्स में देखा गया। बॉक्स ऑफिस पर इसने अच्छा प्रदर्शन किया। इसमें वीर पहाड़िया और सारा अली खान भी नजर आए। अब अक्षय कुमार के पास कई दिलचस्प फिल्में हैं। वे विष्णु मांचू और प्रभास के साथ पैन-इंडिया फिल्म कन्नप्पा में नजर आएंगे। इसके अलावा केसरी 2, जॉली एलएलबी 3 और हाउसफुल 5 भी झोली में हैं।



# विजय से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच तमन्ना ने बताई प्यार की परिभाषा

**विजय** वर्मा से ब्रेकअप की अफवाहों के बीच अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने बताया है कि प्यार क्या होता है। उन्होंने बताया है कि उन्हें प्यार का कौन सा फॉर्मेट पसंद है।

हाल ही में अभिनेत्री तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा के ब्रेकअप की खबरें आईं। हालांकि दोनों में से किसी ने भी इस इस अफवाह पर कुछ नहीं कहा है। ऐसे तमन्ना भाटिया ने प्यार पर अपनी राय रखी है। तमन्ना भाटिया ने ल्यूक कौटिनहो से बातचीत में बताया है कि उनके मुताबिक प्यार की परिभाषा क्या है। यहां पढ़ें उन्होंने क्या कहा।

## प्यार कारोबार में बदल जाता है

बातचीत में तमन्ना भाटिया से पूछा गया कि वह प्यार के बारे में क्या सोचती हैं? उन्होंने इस पर जवाब देते हुए कहा कि प्यार बिना शर्त होना चाहिए, चाहे वह मां-बाप से, पार्टनर से या फिर पालतू जानवर से हो। अगर आप पार्टनर से उम्मीद करना शुरू कर देते हैं तो रिश्ते कारोबार में बदल जाते हैं।

## तमन्ना के मुताबिक कैसा होना चाहिए पार्टनर


तमन्ना भाटिया ने कहा मुझे लगता है कि लोग प्यार और रिश्ते को लेकर भ्रम में हैं। जैसे ही प्यार में शर्त आ जाती है तो यह प्यार नहीं रहता। प्यार बिना शर्त होना चाहिए। यह एकतरफा होना चाहिए। यह एक जिम्मेदारी है कि आप दूसरे के लिए क्या महसूस करते हैं। जैसे ही आप उम्मीद लगाते हैं और अगर ये सोचते हैं कि वह भी वैसा ही करे जैसा हम करते हैं तो यह एक कारोबार में बदल जाता है। मैंने महसूस किया कि अगर मैं किसी से प्यार करती हूं तो उन्हें फ्री छोड़ देना चाहिए, जैसे वो हैं उन्हें वैसे ही रहने देना चाहिए।

## विजय-तमन्ना ने एक दूसरी की तारीफ की

आपको बता दें कि विजय और तमन्ना दोनों लंबे वक्त से एक कई मौकों पर एक दूसरे के साथ देखे गए। विजय ने शुभंकर मिश्रा के यूट्यूब चैनल पर बताया मुझे लगता है कि हम दोनों इस बात से सहमत थे कि अगर हमें साथ में समय बिताना अच्छा लगता है और हम एक-दूसरे को पसंद करते हैं, तो इसे छिपाने की क्या जरूरत है। तमन्ना भाटिया ने सबके सामने विजय को अपना हैप्पी प्लेस बताया। उनके मुताबिक विजय ने उन्हें कभी एटिट्यूड के साथ अप्रोच नहीं किया बल्कि बहुत प्यार से उनसे जुड़े।

# लैपटॉप नहीं कागज पर कलम से अपने विचार और फिल्म की कहानियां लिखते हैं करण जौहर

फिल्म निर्माता करण जौहर लैपटॉप और स्मार्टफोन के जमाने में भी अपने विचार, भावनाएं या फिल्म की कहानी लिखने के लिए कागज-कलम का सहारा लेते हैं। उन्होंने हाल ही में इस बात की जानकारी दी। करण ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया कि जब वह टाइप करते हैं तो उन्हें ऐसा लगता है कि इसमें थोड़ा बनावटीपन है। उन्होंने लिखा, कागज कलम बनाम लैपटॉप... मैं अपने विचार, भावनाएं और फिल्मों पर लिखने के लिए जब मैं टाइप करता हूं तो ऐसा लगता है कि वह बनावटी है। मुझे प्रभात नोटबुक और फाइबर टिप पेन पसंद है। मुझे शब्दों को काटकर उनके ऊपर लिखना पसंद है, ना कि उन्हें डिलीट करना। उन्होंने बताया कि डिजिटल नोटबुक भी हैं, लेकिन उन्हें नोटबुक पर लिखना बेहतर लगता है।





# तीन दिन के लिए डीआरआई हिरासत में रान्या राव सोना तस्करी से जुड़ा है मामला

**कन्नड़** अभिनेता रान्या राव को गोल्ड स्मगलिंग मामले में गिरफ्तार कर लिया गया है। अब अदालत के आदेश पर उन्हें तीन दिन के लिए डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय) की हिरासत में भेजा गया है, ताकि मामले की और गहरी जांच की जा सके। यह आदेश न्यायमूर्ति विश्वनाथ सी गौदर की अध्यक्षता वाली आर्थिक अपराध अदालत ने जारी किया। हाल ही में रान्या ने राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) को दिए बयान में अपना गुनाह कुबूल किया था। एक खबर के मुताबिक डीआरआई को दिए अपने पहले बयान में रान्या ने कुबूल किया कि उनके कब्जे से 17 सोने के टुकड़े बरामद हुए। रान्या ने यह स्वीकार किया कि उन्होंने न केवल दुबई की यात्रा की, बल्कि यूरोप, अमेरिका और मध्य पूर्व के कई देशों का भी दौरा किया। हालांकि, इसके बाद रान्या ने और कोई जानकारी देने से इनकार कर दिया और अधिकारियों से कहा कि उन्हें आराम करने दिया जाए।

रान्या राव कर्नाटक राज्य आवास निगम के पुलिस महानिदेशक रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। उनको डीआरआई ने सोमवार शाम बेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गिरफ्तार किया। आरोप है कि उन्होंने अपने डीजीपी पिता के संबंधों का गलत फायदा उठाते हुए सुरक्षा जांच से बचने की कोशिश की। उनके पास से 12.56 करोड़ रुपये का सोना बरामद हुआ, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तारी के बाद डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु स्थित उनके घर पर भी छापा मारा, जहां से बड़ी मात्रा में सोना और नकदी मिली।

रान्या राव अपनी लगातार अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं के कारण डीआरआई के रडार पर थीं। अधिकारियों के अनुसार वह पिछले साल 30 से अधिक बार दुबई जा चुकी थीं। केवल पिछले 15 दिनों में ही वह चार बार दुबई का दौरा कर चुकी थीं।

इस आवृत्ति ने उनके ऊपर तस्करी का संदेह उत्पन्न किया। गहन तलाशी में उनके पास छिपा हुआ सोने का बिस्कुट बरामद हुआ, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं, लेकिन क्लासिकल शतरंज हमेशा राज करेगा : गुकेश

एजेंसी

**नयी दिल्ली ।** शतरंज के बदलते परिदृश्य से बेफिक्र मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश सभी प्रारूपों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्होंने कहा कि फ्रीस्टाइल शतरंज जहां रोमांच पैदा करता है वहीं अपने समृद्ध इतिहास के साथ क्लासिकल शतरंज हमेशा सबसे महत्वपूर्ण बना रहेगा। शतरंज में अभी दो वर्ग सामने आ रहे हैं। इनमें एक वर्ग जहां फ्रीस्टाइल का समर्थक है तो दूसरा वर्ग क्लासिकल शतरंज के प्रति वफादार बना हुआ है। इससे शतरंज में विभाजन की संभावना बन गई है। पिछले साल चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व चैंपियन बनने वाले गुकेश को नहीं लगता है की शतरंज दो गुट में बंट जाएगा। गुकेश ने यहां इंडिया टुडे



कॉन्क्लेव 2025 में कहा, ''मैं इसके बारे में ज्यादा नहीं सोचता। फ्रीस्टाइल काफी रोमांचक है और मैं इसमें खेल कर खुश हूं। लेकिन यह कहना जल्दबाजी होगी कि यह तेजी से आगे बढ़ रहा है। फ्रीस्टाइल में अभी तक केवल दो ही बड़े टूर्नामेंट हैं।''उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं कि फ्रीस्टाइल सशक्त हो जाए लेकिन मुझे नहीं लगता कि यह शतरंज के मूल प्रारूप पर हावी हो जाएगा। क्लासिकल शतरंज का इतिहास और विरासत इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है।''

गुकेश ने कहा, ''क्लासिकल, रैपिड और ब्लिट्ज के साथ फ्रीस्टाइल का जुड़ना खेल के लिए अच्छा है लेकिन यह देखना बाकी है कि यह प्रारूप कैसे आगे बढ़ता है। मैं सभी प्रारूपों में खेलने के लिए तैयार हूं। ''गुकेश ने इसके साथ ही सात से 14 अप्रैल तक होने वाले फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम टूर के पेरिस चरण के लिए अपनी भागीदारी की पुष्टि की। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन और गुकेश उन चोटी के 12 ग्रैंडमास्टर में शामिल है जिन्होंने 750,000 डॉलर की पुरस्कार राशि वाले पेरिस चरण में भाग लेने की पुष्टि की है। इस भारतीय खिलाड़ी के लिए विश्व चैंपियन बनने तक की राह आसान नहीं रही और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में खेलने के लिए उन्हें अपने करीबी लोगों से भी पैसा जुटाना पड़ता था।

गुकेश ने कहा, ''मुझे याद है कि मेरे माता-पिता के दोस्त मुझे विदेश में टूर्नामेंट खेलने के लिए प्रायोजित कर रहे थे। उस समय यह काफी मुश्किल था और हमें बहुत-बहुत अच्छे और निस्वार्थ लोगों से बहुत मदद मिली। पिछला साल हमारे लिए आर्थिक रूप से बहुत अच्छा था। उन्होंने कहा कि परिस्थितियों में बदलाव से न केवल उन्हें बल्कि उनके परिवार को भी राहत मिली है। गुकेश ने कहा,''मुझे लगता है कि यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है कि मेरे माता-पिता को अब पैसे के बारे में सोचने की जरूरत नहीं है। अब हमें पहले की तरह संघर्ष नहीं करना पड़ रहा है और हम आरामदायक जिंदगी जी सकते हैं।

# भारत में पहली शूटिंग लीग 24 नवंबर से

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) ने भारत में आयोजित होने वाली पहली शूटिंग लीग (शूटिंग लीग ऑफ इंडिया- एसएलआई) के लिए 24 नवंबर से 7 दिसंबर तक की तारीखें आवंटित कर दी हैं। इस लीग को आईएसएसएफ की आधिकारिक मान्यता मिलने से इसे वैश्विक स्तर पर उच्च गुणवत्ता वाली प्रतियोगिता का दर्जा प्राप्त होगा।

राष्ट्रीय रायफल संघ (एनआरएआई) के अध्यक्ष कलिकेश सिंह देव ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ₹हम उम्मीद करते हैं कि इस लीग में दुनिया के शीर्ष निशानेबाज भाग लेंगे, क्योंकि भारत का इस खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत प्रोफाइल है। आयोजन को सफल बनाने के लिए कई स्तरों पर काम जारी है और आईएसएसएफ द्वारा तारीखों का आवंटन हमें इसे विश्व स्तरीय



इवेंट बनाने के लिए और अधिक प्रेरित करता है।

एनआरएआई ने पहले ही घोषणा की थी कि एलेना नॉर्मन को इस लीग का सलाहकार नियुक्त किया गया है और न्यू होराइजन्स अलायंस प्राइवेट लिमिटेड को व्यावसायिक और मार्केटिंग एजेंसी के रूप में शामिल किया गया है।

भारत में इस लीग के आयोजन से निशानेबाजी खेल को नई ऊंचाइयां मिलने की उम्मीद है।

# अमेरिका के एक और हिंदू मंदिर पर हमला दीवारों पर लिखे आपत्तिजनक नारे



एजेंसी

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के चीनो हिल्स स्थित बीएपीएस श्री स्वामीनारायण मंदिर की दीवारों पर रविवार को हमलावरों ने आपत्तिजनक नारे लिखे और तोड़फोड़ की। हालिया महीनों में अमेरिका में हुई यह दूसरी घटना है।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन ने एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी देते हुए बताया है कि चीनो हिल्स स्थित मंदिर हिंदू समुदाय के खिलाफ नफरत की एक और घटना का शिकार हुआ है। बीएपीएस की तरफ से एक्स पर घटना का विवरण साझा करते हुए जोर दिया गया है कि वे नफरत को कभी जड़ नहीं जमाने देंगे और शांति और करुणा कायम रहेगी।

बीएपीएस पब्लिक अफेयर्स ने कहा, ह्लमंदिर के अपमान की एक और घटना के बाद चीनो हिल्स में हिंदू समुदाय नफरत के खिलाफ डटकर खड़ा है। चीनो हिल्स और दक्षिणी कैलिफोर्निया के समुदाय के साथ मिलकर हम कभी भी नफरत को जड़ नहीं जमाने देंगे। हमारी साझा मानवता और आस्था यह सुनिश्चित करेगी कि शांति और करुणा बनी रहे।

हालांकि घटना को लेकर चीनो हिल्स पुलिस विभाग की ओर से अभीतक कोई बयान जारी नहीं किया गया है। घटना को लेकर हिंदू समुदाय में गहरी चिंता देखी जा रही है। अमेरिकी राज्य लॉस एंजिल्स में तथाकथित खालिस्तानी जनमत संग्रह से कुछ दिन पहले, कैलिफोर्निया के चिनो हिल्स में मौजूद बीएपीएस हिंदू मंदिर में तोड़फोड़ की यह घटना पिछले कुछ महीनों से चल रही भारत विरोधी गतिविधियों की श्रृंखला की तरह सामने आई है। पिछले साल सितंबर में भी इस मंदिर को निशाना बनाया गया था।

## मथुराः एक लाख का इनामी बदमाश असद मुठभेड़ में मारा गया

एजेंसी

**मथुरा।** जनपद पुलिस ने एक लाख रुपये के इनामी गैंगस्टर फाति उर्फ असद को मुठभेड़ में मार गिराया। असद पर 36 से अधिक हत्या और डकैती के मामले दर्ज हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश पांडे ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मुठभेड़ में एक लाख रुपये के इनामी फाति उर्फ असद को गोली लगी। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। असद छैमार गिरोह का सरगना था और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर समेत कई राज्यों में लूट, डकैती और हत्या के 36 से अधिक मामलों में वांछित था।

## स्वदेशी जागरण मंच हमेशा से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने की वकालत करता रहा : मुख्यमंत्री

एजेंसी

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ में उद्यमिता आयोग के गठन की घोषणा की है। यह आयोग राज्य में उद्यमशीलता की संस्कृति को मजबूत करेगा और रोजगार सृजन की संभावनाओं का अध्ययन करेगा। इसके तहत युवाओं के कौशल विकास और रोजगार प्रशिक्षण के लिए कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री साय ने यह घोषणा बीती देर शाम राजधानी रायपुर स्थित अग्रसेन धाम में स्वदेशी जागरण मंच की अखिल भारतीय कार्यकारिणी परिषद की बैठक को संबोधित करते हुए की। इस अवसर पर उन्होंने मंच की ऐतिहासिक यात्रा को समर्पित पुस्तक 'स्वदेशी की विकास यात्रा' का विमोचन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 'विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत @2047' के निर्माण के लिए हमें स्वदेशी को आत्मसात करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वदेशी जागरण मंच हमेशा से आत्मनिर्भरता और स्वदेशी उद्योगों को बढ़ावा देने की वकालत करता रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत एक विशाल और संपन्न देश है। यह हमें न केवल विशाल उपभोक्ता बाजार प्रदान करता है,




बल्कि नवाचार और औद्योगिकीकरण के लिए भी असीम संभावनाएँ खोलता है। उन्होंने वैश्विक परिदृश्य में आ रहे बदलावों की ओर भी ध्यान दिलाया। वैश्विक व्यवस्था में आ रहे परिवर्तनों को देखते हुए स्वदेशी जागरण मंच जैसी राष्ट्रीय संस्थाओं की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। मेक इन इंडिया से आत्मनिर्भर भारत की ओर-मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 'मेक इन इंडिया' अभियान ने भारत में स्वदेशी उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उद्योगों को संरक्षण और समर्थन प्रदान किया। उन्होंने कहा कि आज भारत लगभग हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन चुका है। हमने अपने उद्योगपतियों को प्रोत्साहित किया, उन्हें आवश्यक सुविधाएँ दीं और इसका परिणाम यह हुआ कि हम अब न केवल घरेलू जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी मजबूती से उभर रहे हैं। बस्तर क्षेत्र में स्वदेशी उद्योगों को मिलेगा बढ़ावा-मुख्यमंत्री साय ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के पुनर्निर्माण और विकास के लिए स्वदेशी जागरण मंच की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नई नीतियों और सुरक्षा बलों के प्रभावी प्रयासों के कारण नक्सलवाद अब बहुत सीमित क्षेत्र में सिमट गया है। अब समय आ गया है कि स्वदेशी जागरण मंच के सहयोग से इन क्षेत्रों में उद्योग-धंधे स्थापित किए जाएँ, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार मिले और वे नक्सलवाद की ओर न जाने पाएं। नई औद्योगिक नीति में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता-मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की नई औद्योगिक नीति को प्रदेश की प्राकृतिक संपदा और क्षेत्रीय आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार किया गया है। इस नीति में रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। सिंगल विंडो सिस्टम लागू किया गया है ताकि उद्योग स्थापित करने की प्रक्रिया को तेज और सरल बनाया जा सके। स्थानीय संसाधनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रोत्साहन योजनाएँ भी चलाई जा रही हैं।

श्रेष्ठ उद्यमियों को किया गया सम्मानित-कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में सफल उद्यमियों को 'उद्यमिता प्रोत्साहन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा और नवाचार आधारित स्टार्टअप्स को सरकार हर संभव सहायता देगी।

बैठक में स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय संयोजक आर. सुंदरम, अखिल भारतीय संगठक कश्मीरी लाल, छत्तीसगढ़ प्रांत संयोजक जगदीश पटेल, देश के प्रतिष्ठित उद्यमी, प्रोफेसर, कुलपति, आर्थिक विशेषज्ञ और स्वदेशी जागरण मंच तथा स्वावलंबी भारत अभियान के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गैस सिलेंडर लदे वाहन में अचानक लगी भीषण आग, धू-धू कर जली ट्रक



एजेंसी

**नवादा।** नवादा में रसोई गैस सिलेंडर लदे वाहन में रविवार सुबह आग लग गई, जिसके बाद इलाके में हड़कंप मच गया. घटना नवादा जिले के पकरीबरावां थाना क्षेत्र के राजेबिगहा गांव की है, जहां इण्डेन घरेलू गैस के सिलेंडर से लदे ट्रक में अचानक आग लग गई. देखते ही देखते आग की लपटें तेज हो गईं, जिससे धू-धू कर ट्रक जल कर खाक हो गया. गनीमत यह रही कि वाहन में लदे सभी गैस सिलेंडर खाली थे. अचानक लगी इस आग की घटना के बाद राहगीरों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और मौके पर आग बुझाने की कोशिश भी की. मौके पर मौजूद लोगों की मदद से बड़ी मशक्कत के बाद आग पर किसी तरह काबू पाया गया. फिलहाल, इस घटना में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है. ड्राइवर और खलासी भी सुरक्षित हैं. जानकारी के मुताबिक वाहन चालक गुलनी से गैस उतार कर खाली गैस सिलेंडर लेकर वापस लौटा था. इसी दौरान राजे बिगहा में सड़क किनारे वाहन लगाकर चाय पीने लगा।अचानक सिलेंडर गैस लदा ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते आग लपटें बढ़ने लगीं. इसके बाद गांव के लोगों ने हल्ला मचाना शुरू किया. ग्रामीणों के सहयोग से आग को बुझा लिया गया है।

## मुरैनाः रोटरी स्वास्थ्य शिविर का लाभ गरीबों को मिले : नरेन्द्र सिंह

**मुरैना।** स्व. मोहन प्यारी देवी माहेश्वरी की स्मृति में रोटरी मेडीकल मिशन राहत-2 का आयोजन 26 मार्च से 02 अप्रैल तक जिला मुख्यालय पर किया जा रहा है। रोटरी मेडीकल मिशन में ख्यातिप्राप्त चिकित्सक विभिन्न प्रकार की बीमारियों का इलाज करेंगे। इस शिविर का लाभ अंतिम छोर तक के गरीब व्यक्ति को प्राप्त हो सके। यह बात विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने बैठक के दौरान कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में शनिवार को विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारियों से कही। इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, जिला पंचायत की अध्यक्षा श्रीमती आरती गुर्जर, जिलाधीश अंकित अस्थाना, पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव, रोटरी के पदाधिकारी भूपेन्द्र जैन, डॉ. संजीव बांदिल, पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा, बलवीर डंडोतिया, भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश कुशवाह, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. योगेशपाल गुप्ता, विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी, पार्षद आदि उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन क्षेत्र की दृष्टि से बड़े ही महत्वपूर्ण होते है, जिनका लाभ अंतिम छोर तक के गरीब,जरूरतमंद व्यक्ति को मिल जाये तो उसका जीवन सफल हो जायेगा। पिछले शिविर के द्वारा जो भी कमियां रहीं है, उनको ध्यान में रखते हुये सुधार किया जायेगा। हमारे लोग चिकित्सा की पहुंच से अभी भी दूर है, हम उन्हें इस कैम्प तक पहुंचाये। तभी हमारा मकसद इस कैम्प से पूरा होगा।

## बाइक सवार बदमाशों की फायरिंग में दंपत्ति घायल

एजेंसी

**कोलकाता।** उत्तर 24 परगना जिलांतर्गत चार नम्बर रेलवे गेट के पास भाड़ पट्टी इलाके में शनिवार रात गोली मारकर हत्या की कोशिश करने का मामला सामने आया है। इस घटना में एक दम्पति घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात करीब आठ बजे भाड़ पट्टी इलाके में कुछ बाइक सवार बदमाशों ने अचानक पति-पत्नी को निशाना बनाकर गोलीबारी की। इस घटना में दंपति घायल हो गए। घटना की सूचना बेलघरिया थाने की पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल दम्पति को सागरदत्त मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में




भर्ती कराया। उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# शिमला में सरकारी कर्मचारी भी ड्रग तस्करी में शामिल, दो साल में 24 गिरफ्तार

एजेंसी

**शिमला।** शिमला जिला में नशे के कारोबार पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे मिशन क्लीन-भरोसा अभियान के तहत पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए विभिन्न सरकारी विभागों के 24 कर्मचारियों को चिट्टा तस्करी और नशाखोरी में संलिप्त पाए जाने पर गिरफ्तार किया है। इनमें पुलिस कर्मी, डॉक्टर, पटवारी, बैंक प्रबंधक, फॉरेस्ट गार्ड, लैब टेक्नीशियन, शिक्षा विभाग, बिजली बोर्ड और जलशक्ति विभाग के कर्मचारी शामिल हैं।

पुलिस ने पिछले करीब दो साल में गिरफ्तार किए इन सभी कर्मचारियों की एक सूची तैयार कर मुख्य सचिव को पत्र भेजकर उनके खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की मांग की है ताकि इन कर्मचारियों को सरकारी सेवा से निष्कासित किया जा सके और समाज में एक सख्त संदेश दिया जा सके कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।



### दो साल में हुई इन सरकारी कर्मचारियों की गिरफ्तारी

शिमला पुलिस के अनुसार बीते दो वर्षों में एसपी संजीव गांधी के नेतृत्व में चल रहे मिशन क्लीन-भरोसा अभियान के तहत 24 सरकारी कर्मचारियों को नशे के कारोबार में शामिल पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया कि इन सभी कर्मचारियों के खिलाफ अब विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गिरफ्तार कर्मचारियों में हिमाचल पुलिस के दो जवान, पंजाब पुलिस के दो जवान, एक डॉक्टर, तहसील कल्याण अधिकारी, बैंक प्रबंधक, पटवारी, फॉरेस्ट गार्ड, शिक्षा विभाग के कर्मचारी, लोक निर्माण विभाग के कर्मचारी और जलशक्ति विभाग के पंप ऑपरेटर सहित कुल 24 सरकारी कर्मचारी शामिल हैं।

गिरफ्तार किए गए कर्मचारियों में हिमाचल पुलिस के दो जवान जुगल किशोर और लक्ष्य, पंजाब पुलिस के अजय कुमार और देविंद्र कुमार, डॉक्टर सिद्धार्थ, तहसील कल्याण अधिकारी मुकुल चौहान, सिविल सप्लाई विभाग के यशवंत ठाकुर, शिक्षा विभाग के वरिष्ठ सहायक त्रिलोक नेगी, यूको बैंक के सहायक प्रबंधक विनय गर्ग, कोआपरेटिव सोसाइटी के इंस्पेक्टर आदित्य शर्मा, जलशक्ति विभाग के बेलदार पुरषोत्तम, पटवारी विजय कुमार, जलशक्ति विभाग के पंप ऑपरेटर बृज मोहन, अध्यापक विजेंद्र सिंह रावत, फॉरेस्ट गार्ड प्रशांत राठौर और अनीश, बिजली विभाग के अजय कुमार, लैब तकनीशियन अमन कुमार, एचआरटीसी के चालक अनूप कुमार, मैकेनिक पवन कुमार, लोक निर्माण विभाग के राकेश कुमार शामिल हैं।

### मुख्य सचिव से विभागीय कार्रवाई की सिफारिश

शिमला पुलिस ने इन 24 सरकारी कर्मचारियों की सूची तैयार कर मुख्य सचिव को भेजते हुए सिफारिश की है कि इनके खिलाफ तुरंत विभागीय कार्रवाई की जाए और इन्हें सरकारी सेवा से बर्खास्त किया जाए। पुलिस का कहना है कि नशे के कारोबार में शामिल किसी भी सरकारी कर्मचारी को अब सेवा में बने रहने का अधिकार नहीं है।

शिमला के एसपी संजीव गांधी ने कहा कि नशे के कारोबार से जुड़े लोगों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। चाहे वह कितना भी प्रभावशाली व्यक्ति हो या सरकारी कर्मचारी, कानून के शिकंजे से कोई नहीं बचेगा।

### सरकारी विभागों में हड़कंप, पुलिस की कड़ी नजर

पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई के बाद जिले के विभिन्न सरकारी विभागों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस ने साफ कर दिया है कि यदि भविष्य में भी किसी भी सरकारी कर्मचारी को नशे के कारोबार में लिप्त पाया गया तो उसके खिलाफ बिना देरी के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### दोषी कर्मचारियों को किया जाएगा बर्खास्त : सीएम सुक्खू

चिट्टा तस्करी के बढ़ते मामले पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने भी कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी सरकारी कर्मचारी को नौकरी पर बने रहने का हक नहीं है। उन्होंने पिछले दिनों शिमला में आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक में कहा था कि नशे के कारोबार में लिप्त पाए जाने वाले सरकारी कर्मचारियों को सेवा से बर्खास्त किया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई होगी। साथ ही उनकी अवैध संपत्तियों को भी जब्त किया जाएगा।

उन्होंने पुलिस को निर्देश दिए कि नशे के कारोबार से जुड़े सभी व्यक्तियों के बैंक खातों, प्रॉपर्टी और अन्य लिंक की गहन जांच की जाए ताकि उनके पूरे नैटवर्क का पदार्फाश हो सके।

बता दें कि शिमला पुलिस ने पिछले कुछ महीनों में कई बड़े नशा तस्कर गैंग का पदार्फाश किया है। इनमें संदीप शाह गैंग, रंजन गैंग, राधे गैंग और शाही महात्मा गांधी गैंग शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही पूरे राज्य में नशे के कारोबार का सफाया कर दिया जाएगा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मध्य प्रदेश में सर्द हवाओं का असर कम होते ही बढ़ने लगी गर्मी, दिन का तापमान 36 डिग्री के पार

### राते अभी भी ठंडी, 15 मार्च से बदलेगा मौसम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सर्द हवाओं का असर कम होते ही गर्मी बढ़ने लगी है। प्रदेश में दिन का तापमान 36 डिग्री के पार पहुंच गया है। इंदौर, उज्जैन और जबलपुर संभाग में गर्मी बढ़ गई है। 15 मार्च के बाद सूरज के तेवर और तीखे होने लगेंगे। आज रविवार को राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के अन्य शहरों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होगी। 10 मार्च को भी दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी की संभावना है। फिलहाल, बारिश होने के आसार नहीं है। पिछले चार दिन प्रदेश में उत्तरी हवा चलने से कड़ाके की ठंड पड़ी। इससे भोपाल समेत कई शहरों में पिछले 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया। कई शहर में शीतलहर चली, रात का तापमान 6 डिग्री तक पहुंच गया। राजगढ़, शाजापुर, उमरिया, मंडला, नौगांव और मलाजखंड जैसे छोटे शहर सबसे ठंडे रहे। मौसम विभाग ने बताया कि पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में रविवार से एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस एक्टिव हो रहा है। ऐसा होने पर दो दिन बाद प्रदेश में भी असर देखने को मिल सकता है। शनिवार की रात की बात करें तो प्रदेश के अधिकांश शहरों में पारे में बढ़ोतरी हुई। भोपाल में 5.9 डिग्री की बढ़ोतरी के बाद तापमान 16.4 डिग्री पहुंच गया। बैतूल, धार, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, खरगोन, पचमढ़ी, राजगढ़, रतलाम, उज्जैन, छिंदवाड़ा, दमोह, जबलपुर, खजुराहो, मंडला, नरसिंहपुर, नौगांव, रीवा, सागर, सतना, सिवनी, सीधी, टीकमगढ़, उमरिया और मलाजखंड में भी पारा बढ़ गया। शनिवार को दिन के तापमान भी बढ़ गया। नर्मदापुरम में 36.9 डिग्री, रतलाम में 36.2 डिग्री, धार, सिवनी-मंडला में पारा 35 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 32.8 डिग्री, इंदौर में 33.8 डिग्री, ग्वालियर में 32.5 डिग्री, उज्जैन में 34.5 डिग्री और जबलपुर में तापमान 33.2 डिग्री रहा।



### बंगाल विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण दस मार्च से, सरकार को घेरने की तैयारी में विपक्ष

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण दस मार्च से शुरू होने जा रहा है। यह सत्र कुछ मुद्दों को लेकर हंगामेदार रहने की संभावना है। खासकर जादवपुर विश्वविद्यालय विवाद को लेकर विपक्ष सरकार को घेरने की तैयारी में है। दरअसल, 1 मार्च को कोलकाता स्थित जादवपुर विश्वविद्यालय में हुई हिंसा के दौरान दो छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आरोप है कि पश्चिम बंगाल के शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु की गाड़ी ने जानबूझकर इन छात्रों को टक्कर मारी थी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इस घटना को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के विधायक मंत्री से विधानसभा में जवाब मांगने की योजना बना रहे हैं। विधानसभा में बीजेपी के मुख्य सचेतक शंकर घोष इस मुद्दे पर सरकार को घेरने की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि, राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी और तीन अन्य बीजेपी विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल नहीं हो पाएंगे। उन्हें पिछले महीने बजट सत्र के पहले चरण के दौरान एक महीने के लिए निलंबित कर दिया गया था। बजट सत्र के दूसरे चरण में राज्य सरकार के कुछ ही विभागों के बजटीय आवंटन पर चर्चा होगी, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, श्रम, पंचायती कार्य, ग्रामीण विकास, नगर निकाय और शहरी विकास विभाग शामिल हैं। लेकिन गृह विभाग जैसे अहम विभाग के बजट पर चर्चा नहीं होगी, जिसे लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार पर सवाल उठाए हैं। बीजेपी का आरोप है कि सरकार ने जानबूझकर गृह विभाग को चर्चा से बाहर रखा है, क्योंकि इससे सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस को असहज करने वाले कई सवालों का सामना करना पड़ता। गृह विभाग मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के पास ही है, ऐसे में विपक्ष इसे बड़ा मुद्दा बना सकता था। सत्र के दौरान जिन विभागों पर चर्चा नहीं होगी, उनके बजट को 'गिलोटिन' प्रक्रिया के तहत बिना बहस के ही पारित कर दिया जाएगा। विपक्ष का कहना है कि सरकार इस प्रक्रिया के जरिए गृह विभाग से जुड़े अहम सवालों से बचना चाहती है। बजट सत्र का यह दूसरा चरण 19 मार्च तक चलेगा।

### सामाजिक सरोकार के लिए आज सड़कों पर उतरेंगे डॉक्टर



**भोपाल।** अंगदान को बढ़ावा देने के लिए शहर के सरकारी और निजी चिकित्सक आज (रविवार को) सड़कों पर उतरेंगे और वाहन रैली में शामिल होंगे। रैली का आयोजन गांधी मेडिकल कॉलेज एल्यूमिनी एवं जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा किया जा रहा हैं। किरण फाउंडेशन ऑर्गन डोनेशन सोसाइटी और अन्य स्वैक्षिक संगठन भी इसमें शामिल होंगे। कार रैली राजभवन से शुरू होकर गांधी मेडिकल कॉलेज तक जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि राज्यपाल मंगू भाई पटेल, संसद आलोक शर्मा व विधायक भगवानदास सबनानी राजभवन से हरी झंडी दिखाकर इस रैली को रवाना करेंगे। वाहन रैली के माध्यम से अंगदान के प्रति जागरूकता एवं सकारात्मक माहौल का निर्माण किया जाएगा। चिकित्सकों ने अपने सामाजिक दायित्व के तहत यह सकारात्मक पहल की है। अंगदान की दिशा में मध्य प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक स्तर पर जनजागरूकता के साथ-साथ पंजीयन को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा अंगदान को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और कार्यक्रमों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला द्वारा भी अंगदान एवं देहदान की पंजीयन प्रक्रिया को और अधिक सुगम एवं सरल करने के साथ इन परिवारों को सम्मानित भी किया जा रहा है। डॉ. तिवारी ने बताया कि अंगदान जागरूकता और ऑर्गन ट्रांसप्लांट की संख्या निरंतर बढ़ी है। शासन द्वारा एयरलिफ्ट करके भी अंगदान करवाए जा रहे हैं। इस दिशा में और अधिक जागरूकता के लिए चिकित्सकों द्वारा स्वप्रेरणा से अंगदान जागरूकता के लिए कार रैली निकाली जा रही है। रैली में बड़ी संख्या में शासकीय और निजी चिकित्सक शामिल होंगे।

## चांडिल स्टेशन पर अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक गिरफ्तार



**चांडिल :** होली के मद्देनजर रेलवे स्टेशनों पर आरपीएफ ने चौकसी बढ़ा दी है। चांडिल रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ की टीम लगातर जांच अभियान चला रही है। आरपीएफ की टीम ने शुक्रवार की शाम चांडिल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर जांच के दौरान अवैध अंग्रेजी शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी मोहन सिंह चांडिल स्टेशन बस्ती का रहने वाला है। उसने बताया कि वह पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के बलरामपुर से शराब खरीदकर बेचने के लिए ट्रेन से ले जा रहा था। तभी चांडिल स्टेशन आरपीएफ पोस्ट के इंस्पेक्टर अजीत कुमार के नेतृत्व में टीम ने उसे पकड़ लिया। बरामद शराब की कीमत 20,440 रुपए आंकी गई। जानकारी के अनुसार, बक्सर-टाटानगर एक्सप्रेस ट्रेन जैसे ही चांडिल रेलवे स्टेशन पहुंची, आरपीएफ की टीम ने देखा कि एक व्यक्ति दो बैग में कुछ भारी सामान लेकर उक्त ट्रेन से उतर रहा है। संदेह होने पर उसे पकड़कर आरपीएफ पोस्ट ले जाया गया। दोनों बैग की जांच करने पर उसमे करीब 95 बोतल (छोटी-बड़ी मिलाकर) शराब बरामद की गई। आरपीएफ ने जब्त शराब व पकड़े गए व्यक्ति को जिला आबकारी विभाग को सौंप दिया। छापेमारी टीम में आरपीएफ के एएसआई एसके महतो, सीटी यूसी मीना और सीटी आरके प्रसाद शामिल थे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन



**गुमला :** गुमला जिला में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस), प्रधान और महिला विकास मंच (एमवीएम) के संयुक्त तत्वावधान में गुमला जिले में विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में सखी मंडल की महिलाओं, जिला और प्रखंड स्तरीय अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों और विभिन्न संस्थानों के सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को सशक्त बनाना, उनके अधिकारों और उपलब्धियों को उजागर करना और समाज में उनकी भूमिका को सम्मानित करना था। विभिन्न स्थानों पर आयोजित इन कार्यक्रमों में प्रेरक वक्तव्यों, अनुभव साझा करने और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बेलागड़ा पंचायत (घाघरा), करौंदी रथ बगीचा (सदर गुमला), बेसिक मैदान (कामडारा), जेएसएलपीएस डुमरी कार्यालय मैदान और पुराना प्रखंड कार्यालय (सिसई) में हुए इन आयोजनों में महिलाओं ने अपनी उपलब्धियों की चर्चा की और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए जा रहे कदमों को साझा किया। इस अवसर पर जेएसएलपीएस,प्रधान एमवीएम और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन (एपीएफ) के प्रतिनिधियों ने महिलाओं के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

## महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण



**गुमला :** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर ग्राम कंसारी, मोहल्ला पालकोट, प्रखंड पालकोट, जिला गुमला के कांसा एवं पीतल के बर्तन निर्माण करने वाली महिला कारीगरों के बीच सेफ्टी किट का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला प्रशासन गुमला, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड गुमला तथा उरफ हिंडालको के सौजन्य से आयोजित किया गया। दक्षिणी पालकोट पंचायत की मुखिया जसिंता मिंज के द्वारा महिला कारीगरों को सेफ्टी किट वितरित की गई। इस अवसर पर प्रखंड उद्यमी समन्वयक, सूरज महतो ने बताया कि इस सेफ्टी किट के माध्यम से कारीगरों को अपने उत्पाद निर्माण में अधिक सुविधा होगी एवं वे स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अपने कार्य को सुचारू रूप से कर सकेंगी। कार्यक्रम में पंचायत की मुखिया जसिंता मिंज, प्रखंड उद्यमी समन्वयक सूरज महतो, तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# प्रेम प्रसंग में युवक की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या

संवाददाता



**जमशेदपुर:** जिले से एक दिल दहला देने वाला हत्याकांड सामने आया है, जहां सिगरेट को लेकर शुरू हुआ झगड़ा हत्या में तब्दील हो गया। जमशेदपुर में एक युवक ने अपने दोस्त की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने सिगरेट के लिए नहीं, बल्कि अपनी प्रेमिका के लिए शिवम नाम के शख्स की हत्या की थी। पहले दोनों युवकों ने शराब पी, फिर आरोपी ने मृतक शिवम की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी। जमशेदपुर में कपाली ओपी के कमारगोड़ा स्थित सोनारी ग्वाला बस्ती निवासी शिवम कुमार सिंह की गुरुवार को कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस जांच में पता चला है कि हत्या सिगरेट को लेकर हुए झगड़े के कारण हुई थी। हालांकि, इस मामले में आरोपी राहुल ने चौंकाने वाला खुलासा किया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी राहुल ने पूछताछ में बताया कि मृतक शिवम को उसकी प्रेमिका के बारे में पता चल गया था और वह उनके प्यार में बाधा बन रहा था। इसी वजह से उसने शिवम की हत्या कर दी। आरोपी के दूसरे दोस्त आसिफ को इस हत्या की जानकारी थी, इसलिए पुलिस ने उसे भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से हत्या में इस्तेमाल की गई कुल्हाड़ी भी जब्त कर ली है । पुलिस ने आगे बताया कि राहुल और शिवम के बीच सिगरेट को लेकर पहले से ही विवाद चल रहा था। इसी बीच दोनों के बीच विवाद बढ़ गया। शिवम को आरोपी राहुल की गर्लफ्रेंड के बारे में जानकारी मिल गई। ऐसे में वह आरोपी को चिढ़ाने लगा, जिससे राहुल को अपे नी गर्लफ्रेंड से मिलने में दिक्कत होने लगी। आरोपी ने यह बात अपने दोस्त आसिफ को बताई और कहा कि वह शिवम की हत्या कर देगा। ऐसे में सिगरेट को लेकर विवाद को खत्म करने के लिए राहुल ने शिवम से दोस्ती की और वह उसे कपाली के डोबो ले गया। डोबो में दोनों ने साथ में शराब पी और फिर कुल्हाड़ी से उसकी हत्या कर दी

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तकनीकी भवन डीवीसी केटीपीएस में समारोह आयोजित

# महिलाओं को किया गया सम्मानित





मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर तकनीकी भवन डीवीसी केटीपीएस में समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीनियर जीएम ओएंडएम केटीपीएस ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में महिलाओं को सम्मान दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भव्या ठाकुर ने की तथा संजय कुमार सिन्हा सीनियर जीएम ओएंडएम केटीपीएस की उपस्थिति ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। डीवीसी, सीआईएसएफ महिला अधिकारी, संविदा कर्मी तथा परिवार सक्रिय रूप से समारोह में भाग लेते हैं।

# जिला उपायुक्त के विरुद्ध जनप्रतिनिधियों की शिकायत को विस अध्यक्ष ने गंभीरता से लिया

ज्योति पाठक



**बोकारोः** जिला उपायुक्त विजया जाधव के व्यवहार और जनप्रतिनिधियों के साथ सकारात्मक तालमेल नहीं रहने से जनप्रतिनिधियों ने उपायुक्त के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है । इस क्रम में विधायक रागिनी सिंह एवं विधायक उमाकांत रजक ने विधानसभा में विधानसभा अध्यक्ष से इस बात की शिकायत की है कि उपायुक्त का व्यवहार जनप्रतिनिधियों के साथ हमेशा उपेक्षात्मक और रुखा है । जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्या और जानकारी उपायुक्त को सहज रूप से देने का कार्य करते हैं किंतु उपायुक्त द्वारा सकारात्मक सहयोग नहीं मिलता है और जनप्रतिनिधियों के प्रति उनका रूखा व्यवहार है विधानसभा अध्यक्ष के द्वारा इस मामले को गंभीरता से लिया गया है गौरतलब हो कि श्रीमती विजया जाधव भारतीय प्रशासन सेवा 2015 बैच की आईएएस अधिकारी हैं तथा उन्होंने बोकारो में उपायुक्त के रूप में 13 फरवरी 2024 को अपना पदभार ग्रहण किया इससे पूर्व। इस जिला में पदस्थापित तत्कालीन उपायुक्त कुलदीप चौधरी के द्वारा बोकारो जिला में विकास कार्यों को भरपूर विकास गति देने के साथ-साथ बेहतर समन्वय और जिला वासियों के साथ काफी उत्कृष्ट व्यवहार और कार्य किया । श्री चौधरी के बारे में कहा जाता है कि उन्होंने विवाद के बजाय हमेशा विकास को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी जिसके फल स्वरुप इस जिला में विकास कर काफी जोरों पर रही उनके कार्यकाल में जिलावासी काफी हर्षित रहे और जनप्रतिनिधि गण भी उनके कार्यों को हमेशा प्रोत्साहित किया और सराहा। यही नहीं बोकारो जिला के नोडल पदाधिकारी एवं पथ निर्माण विभाग का प्रधान सचिव सुनील कुमार ने भी बोकारो जिला के उपयुक्त कुलदीप चौधरी के विकास कार्यों को काफी सराहा था । इस जिला को बेहतर बताया था वहीं वर्तमान समय में उपयुक्त के कार्यों के विरुद्ध जनप्रतिनिधियों ने शिकायत दर्ज करा कर अपने नाराजगी जाहिर किया है इस प्रकार से बोकारो जिला इन दोनों विकास के बजाय विवाद के कारण पहचाना जा रहा है और पूर्व उपायुक्त कुलदीप चौधरी के विकास कार्यों और उनके प्रयासो को याद कर रहे हैं वहीं कुलदीप चौधरी उपाय के रूप में वर्तमान समय में पश्चिम सिंहभूम जिला में पदस्थापित है तथा उन्होंने अपने पदस्थापना कल के पश्चात जिला को भी बेहतर और उत्कृष्ट जिला बनाने में सफल रहे हैं । इसी के फल स्वरुप या कहा जा सकता है कि झारखंड में कुलदीप चौधरी अपने विकास कार्यों और बेहतर कार्यों के फल स्वरुप लोकप्रिय उपायुक्त के रूप में पहचाने जाते हैं।

## पटाखे की चिंगारी से किराने की दुकान में लगी आग, लाखों का नुकसान



संवाददाता

**चतराः** न्यू पुलिस लाइन जितनी मोड़ के समीप बारातियों द्वारा की गयी आतिशबाजी के दौरान निकली चिंगारी से एक किराने की दुकान में आग लग गयी। इससे दुकानदार को ढाई लाख रुपये का नुकसान हुआ है। घटना शनिवार देर रात की है। आग लगने की जानकारी मिलने के बाद अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। लेकिन जब तक दमकल विभाग की गाड़ी आग बुझाने के लिए आयी तब तक दुकान पर रखा सामान जलकर खाक हो गया था।

**बारातियों की आतिशबाजी से लगी आगः** दुकानदार अमित कुमार पासवान ने बताया कि दुकान के बगल में जगदीश साहू के पुत्र सुबोध कुमार साहू की शादी थी। रास्ते से बारात गुजर रही थी, इस दौरान बारातियों द्वारा आतिशबाजी की जा रही थी। दुकान के पास सावधानी से आतिशबाजी करने की बात कह कर वह अपने घर चला गया। कुछ देर बाद पटाखे की चिंगारी से दुकान में आग लगने की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी अग्निशमन विभाग को दी।

**लोन लेकर लाया था दुकान का सामानः** सूचना मिलने के 40 मिनट बाद दमकल वाहन पहुंचा। तब तक दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया था। उन्होंने बताया कि दमकल वाहन समय पर आता तो कुछ समान जलने से बच सकता था। दुकान के संचालक अमित ने बताया कि वह छह साल से दुकान चला कर जीविकोपार्जन कर रहा था। महिला मंडल से लोन लेकर दुकान का सामान लाया था। दुकान जलने से लोन चुकाने की चिंता सताने लगी है। उन्होंने सदर थाना और अग्निशमन कार्यालय को आवेदन दिया है। पुलिस प्रशासन से बारातियों पर कार्रवाई करने और क्षतिपूर्ति राशि दिलाने की मांग की है।



## अफीम की खेती के विरुद्ध कारगर है खूंटी एसपी का अभियान

विनय मिश्रा

**भारतीय** पुलिस सेवा 2014 बैच के लोकप्रिय कर्मठ तथा उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले खूंटी के 14 वें पुलिस अधीक्षक अमन कुमार अपनी पदस्थापना काल के 34 माह में जिला को बेहतर जिला बनाने में सफल रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के रूप में श्री कुमार ने 6 अप्रैल 2022 को अपना पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करने के पश्चात से अपराध नियंत्रण, बेहतर विधि व्यवस्था, नक्सल विरुद्ध सघन अभियान चलाया । इस अभियान को चलाए जाने का ही यह सार्थक परिणाम है कि नक्सली बैकफुट पर जाने को विवश हुए। श्री कुमार के बेहतर कार्य प्रणाली और लंबी प्रशासन दक्षता का ही यह परिणाम है कि वर्तमान समय में खूंटी जिला में अफीम की खेती नष्ट करने के साथ साथ इसकी रोकथाम के लिए पुलिस अधीक्षक ने स्वयं कमान संभाल रखा है। डीजीपी अनुराग गुप्ता व कार्मिक सचिव वंदना डाडेल ने स्वयं आकर इस अभियान को देखा, जाना और इसकी सराहना भी की।

पुलिस अधीक्षक अमन कुमार की प्रशासनिक दक्षता का ही यह परिणाम है कि खूंटी जिला ने बेहतर जिला के रूप में अपनी सशक्त पहचान बनाई है। इससे पूर्व श्री कुमार सिटी एसपी रांची, ग्रामीण एसपी धनबाद , एसपी साहेबगंज भी रह चुके हैं ।

ऐसे आईपीएस अधिकारी से जिला और राज्य गौरवान्वित होते हैं।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# उज्जना बिजना अभियान के तहत आरएसईटीआई से प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर

**गुमला :** जिला उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से संचालित उज्जना बिजना अभियान के तहत महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने और आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास लगातार जारी हैं। इस अभियान के अंतर्गत आरएसईटीआई गुमला (रूरल सेल्फ एंप्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट) के सहयोग से जिले की कई महिलाओं को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया गया है, जिससे वे सफल उद्यमी के रूप में उभर रही हैं। ये महिलाएं न केवल आर्थिक रूप से सशक्त हो रही हैं, बल्कि अपने परिवार और समाज के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बन रही हैं।



**चैनपुर प्रखंड** के टोंगो गांव की सुमित्रा तिर्की ने आरएसईटीआई गुमला से 30 दिवसीय आवासीय सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने बैंक ऑफ इंडिया, चैनपुर शाखा से 35,000 का लोन लेकर अपने गांव में ही सिलाई का काम शुरू किया। उनके इस व्यवसाय में उनके पति भी सहयोग कर रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी में लगातार वृद्धि हो रही है और वे आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रही हैं।



**सिसई की रहने** वाली रुक्मणि देवी ने आरएसईटीआई गुमला से कॉस्ट्यूम ज्वैलरी बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने अपने सीखे हुए कौशल का उपयोग करते हुए चूड़ियों का डिजाइन बनाना शुरू किया और अब वे खुद अपने हाथों से आकर्षक चूड़ियां तैयार कर बाजार में बेच रही हैं। उनकी मेहनत और हुनर ने उन्हें अच्छी आमदनी का साधन उपलब्ध कराया है, जिससे उनका जीवन स्तर सुधर रहा है।

**घाघरा प्रखंड** के लावादाग गांव की नीलम दुलारी ककेरकेट्टा ने फ्ऱएळक गुमला से बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त किया और इस क्षेत्र में अपनी आजीविका को मजबूत किया। वर्तमान में वे 35 बकरियां पाल रही हैं और इससे उनकी आमदनी में काफी बढ़ोतरी हुई है। बकरी पालन ने उन्हें आत्मनिर्भर बना दिया है और अब वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति



को और मजबूत करने में सक्षम हो गई हैं।



**भरनो प्रखंड** के अमलीया पंचायत स्थित खरका गांव की रोशनी देवी ने भी आरएसईटीआई गुमला से बकरी पालन का प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने इस कार्य को बड़े स्तर पर अपनाया और अब उनके पास 50 से अधिक बकरियां हैं। उनकी मेहनत और व्यवसायिक सोच ने उन्हें एक सफल उद्यमी बना दिया है। वे न केवल खुद आत्मनिर्भर बनी हैं, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन रही हैं।



**शकरपुर, गम्हरिया** की मोनिका कुमारी ने आरएसईटीआई गुमला से सिलाई का प्रशिक्षण प्राप्त किया और इस कार्य को अपना व्यवसाय बना लिया। उनके हुनर और मेहनत ने उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बना दिया है। अब वे अपने सिलाई कार्य से अच्छी आमदनी कर रही हैं और अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना रही हैं।

जिला प्रशासन के उज्जना बिजना अभियान के तहत महिलाओं को विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। आरएसईटीआई गुमला के सहयोग से दिए गए प्रशिक्षणों ने महिलाओं को न केवल आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाया है, बल्कि उन्हें अपने जीवन में आगे बढ़ने का हौसला भी दिया है। इन सफल उद्यमियों की कहानियां यह साबित करती हैं कि सही मार्गदर्शन और संसाधन मिलने पर महिलाएं किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकती हैं।